दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 177 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | रविवार, 01 फरवरी 2026 | माघ माह, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# आम बजट आज

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पेश करेंगी बजट

### आम आदमी की उम्मीदें होंगी पूरी या टूटेंगे सपने?




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आम बजट 2026-27 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के मौजूदा कार्यकाल का एक अहम बजट माना जा रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे संसद में ये बजट पेश करेंगी। पिछले साल का बजट एक लोकप्रिय बजट माना जाता है जिसमे मिडिल क्लास को बड़ी राहत मिली थी। इस बजट में इनकम टैक्स में छूट, सैलरीड क्लास के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन, किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने, सस्ती दवाओं और इंश्योरेंस सेक्टर में सुधार जैसे बड़े फैसले लिए गए थे। इस साल सरकार का ध्यान अर्थव्यवस्था पर है। बता दें कि भारतीय शेयर बाजार में भी कल आम दिनों की तरह ही कारोबार होगा। बजट के चलते नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज 1 फरवरी 2026 को रविवार को खुला रहेगा।

इंडस्ट्री के तमाम स्टेकहोल्डर्स सरकार के साथ अपनी अपेक्षाएं साझा कर रहे हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि आने वाले बजट में इन प्राथमिकताओं को शामिल किया जाएगा। मंगलवार, 27 जनवरी को नॉर्थ ब्लॉक स्थित बजट प्रेस में हलवा समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह केंद्रीय बजट 2026-27 की तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण का प्रतीक होता है। हलवा समारोह के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों के सचिव और बजट तैयारी से जुड़े अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**स्मार्टफोन सस्ता होगा या महंगा?**-वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार 9वीं बार केंद्रीय बजट पेश करने वाली है। केंद्रीय बजट 2026-2027 की घोषणा से पहले टेक इंडस्ट्री में एक सवाल पूछा जा रहा है। क्या इस साल स्मार्टफोन की कीमतें बढ़ेंगी या नहीं?

**1 फरवरी से स्मार्टफोन महंगे हो जाएंगे?**-देश का यूनियन बजट रविवार, 31 जनवरी 2026 को पेश होने वाला है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार 9वीं बार केंद्रीय बजट पेश करने वाली है। केंद्रीय बजट 2026-2027 की घोषणा से पहले टेक इंडस्ट्री में एक सवाल पूछा जा रहा है। क्या इस साल स्मार्टफोन की कीमतें बढ़ेंगी या नहीं?

**सोने-चांदी पर लागू कस्टम ड्यूटी में होगी कटौती?**-बजट 2026 में क्या सरकार सोने-चांदी पर लागू कस्टम ड्यूटी में कटौती करेगी? और अगर ऐसा हुआ तो क्या घरेलू बाजार में कीमतें सचमुच नीचे आएंगी? पिछले कुछ सालों के बजट फैसलों को देखें तो साफ होता है कि कस्टम ड्यूटी में बदलाव का असर सीधे तौर पर सोने-चांदी के दाम पर पड़ता है, लेकिन यह असर हमेशा लंबे समय तक टिके, ऐसा जरूरी नहीं होता।

**बजट से पहले हलवा सेरेमनी में क्या होता है?**-हर साल संसद में केंद्रीय बजट पेश होने से कुछ ही दिन पहले वित्त मंत्रालय के अंदर एक अनोखी रस्म होती है। हलवा सेरेमनी के नाम से मशहूर ये परंपरा बजट तैयार करने के आखिरी स्टेज और बजट दस्तावेजों के प्रति कड़ी गोपनीयता की शुरुआत का प्रतीक है।

**ऑपरेशन सिंदूर का रक्षा बजट पर क्या होगा असर?**-1 फरवरी 2026 को पेश होने वाला केंद्रीय बजट सिर्फ सरकार की आमदनी और खर्च का हिसाब नहीं होगा, बल्कि इसमें यह संकेत भी मिलेगा कि भारत आने वाले समय में अपनी सुरक्षा को कैसे मजबूत करना चाहता है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश में युद्ध और रक्षा रणनीति की अहमियत और प्राथमिकता और बढ़ी है।




**न्यू रिजीम में 12 लाख रुपये तक की सालाना आय टैक्स फ्री**-बजट 2025 में वित्त मंत्री ने न सिर्फ न्यू रिजीम में 12 लाख रुपये तक की सालाना आय को टैक्स-फ्री कर दिया, बल्कि नौकरीपेशा लोगों को 75 हजार रुपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन भी दिया गया. जिससे 12.75 लाख रुपये तक का सालाना वेतन टैक्स मुक्त हो गया।

### कांग्रेस ने बजट से पहले केंद्र पर साधा निशाना

कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर नीति निर्धारण में समन्वय की कमी का आरोप लगाते हुए शनिवार को सवाल किया कि क्या बजट के आंकड़ें पेश किए जाने के तुरंत बाद उनमें संशोधन किया जाएगा क्योंकि बजट के कुछ ही दिन बाद सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की नयी सीरीज जारी की जानी है। कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 का बजट कल यानी रविवार को पेश किया जाएगा। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, राज्य सरकारें आशंकाग्रस्त होकर प्रतीक्षा कर रही होंगी कि उनके लिए इसमें क्या है क्योंकि वित्त मंत्री 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें लागू करने की घोषणा करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग एक ऐसा निकाय है जिसकी स्थापना संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत हर पांच वर्षों में (या उससे पहले) की जाती है ताकि वह केंद्र द्वारा एकत्र किए गए कर राजस्व में राज्यों की हिस्सेदारी, इस हिस्सेदारी का राज्यों के बीच वितरण और पांच वर्षों की अवधि के लिए विशेष अनुदानों की सिफारिश कर सके। उन्होंने कहा कि 16वां वित्त आयोग 2026-27 से 2030-31 तक की अवधि से संबंधित है।

### पिछले बजट में टैक्स फ्री हुई थी 12 लाख तक की आय

नौकरीपेशा लोगों को बजट में गुड न्यूज देते हुए वित्त मंत्री ने बजट 2025 में 12 लाख तक की आय टैक्स फ्री करने का ऐलान किया था। देश के बड़े तबके यानी मध्यम वर्ग के लिए यह बड़ी राहत की बात थी। आपको बता दें स्टैंडर्ड डिडक्शन के बाद सैलरीड क्लास यानी वेतनभोगियों को अब 12 .75 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होता है।

### इनकम टैक्स कानून के सर्च और सीज़र से जुड़े नियमों की चर्चा

बजट 2026 से पहले नए इनकम टैक्स कानून के सर्च और सीज़र से जुड़े नियमों की चर्चा भी हो रही है। सवाल यह है कि टैक्स अधिकारियों को टैक्स चोरी पकड़ने के नाम पर किसी व्यक्ति की प्राइवेसी में किस हद तक दखल देने का अधिकार होना चाहिए। इसी मुद्दे पर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की शीर्ष संस्था आईसीएआई ने सरकार को इनकम टैक्स एक्ट 2025 के सेक्शन 247 में बदलाव का सुझाव दिया है। आईसीएआई का कहना है कि तलाशी के दौरान टैक्स अधिकारियों का अधिकार केवल टैक्सपेयर के ई-मेल की जांच तक ही सीमित रहना चाहिए, ताकि उनकी प्राइवेसी सुरक्षित रहे।

# ईरान के कई शहरों में विस्फोट

## 5 लोगों की मौत : 14 घायल, इजराइल बोला- धमाके में हमारा कोई रोल नहीं

बढ़ता राजस्थान

**तेहरान ( एजेंसी )।** ईरान के कम से कम 7 शहरों में धमाकों की खबर है। अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार को राजधानी तेहरान, परंद, तबरीज, कोम, अहवाज, नंताज और बंदर अब्बास में विस्फोट के दावे किए गए हैं। तुर्किये की न्यूज एजेंसी अनादोलु के मुताबिक कम से कम 5 लोगों की मौत हुई है और 14 घायल हैं। ईरान सरकार की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि इजराइल के दो अधिकारियों ने मीडिया से कहा है कि इन विस्फोटों में इजराइल शामिल नहीं है। वहीं, समाचार एजेंसी तसनीम ने सोशल मीडिया पर चल रही उन खबरों को गलत बताया है, जिनमें कहा जा रहा था कि रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना कमांडर को निशाना बनाया गया था।

### धमाके से इमारत का हिस्सा उड़ गया

सरकारी अखबार तेहरान टाइम्स के मुताबिक, अहवाज में एक रिहायशी इमारत में गैस विस्फोट हुआ था, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। वहीं बंदर अब्बास में एक



इमारत में विस्फोट हुआ, जिससे उसकी दो मंजिलें टूट गईं और कई दुकानें भी तबाह हो गईं। इस धमाके में कुल 14 लोग घायल हुए। सरकारी टीवी पर दिखाई गई तस्वीरों में देखा गया कि इमारत का सामने का हिस्सा पूरी तरह उड़ गया है, अंदर का हिस्सा साफ दिखाई दे रहा है और आसपास मलबा फैला हुआ है। बंदर अब्बास के रेस्क्यू डिपार्टमेंट के अधिकारी ने ईरानी समाचार एजेंसी को बताया कि इस घटना में घायल हुए लोगों को इमरजेंसी सर्विसेज की मदद से अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

**ईरान में 35 दिन से सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी**-यह विस्फोट ऐसे समय में हुआ है जब ईरान में हालात तनावपूर्ण हैं। सरकार के 28 दिसंबर को देशव्यापी प्रदर्शन शुरू हुए थे, जो अब भी जारी हैं।

# अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा उपमुख्यमंत्री बनीं

## महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई/बारामती।** अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गईं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में सुनेत्रा को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह करीब 12 मिनट तक चला। शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे। इससे पहले दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी, जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। सुनेत्रा को राज्य उत्पादन शुल्क, खेल एवं युवा कल्याण और अल्पसंख्यक विकास/औकाफ विभाग दिए गए हैं। वहीं सीएम देवेंद्र फडणवीस ने वित्त विभाग अपने ही पास रखा है। अजित पवार की तीन दिन पहले 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था। शपथ के बाद उन्होंने ट्वीटर पर लिखा- इस मुश्किल समय में महाराष्ट्र के लोगों का प्यार और सपोर्ट ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। आपके भरोसे के साथ, मैं दादा के आदर्शों को जिंदा रखते हुए नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ूंगी।

### शपथ के बाद सुनेत्रा बोलीं- दादा के असमय जाने से दुख का पहाड़ टूटा

सुनेत्रा पवार शपथ के बाद ट्वीटर पर लिखा- आदरणीय अजीत दादा ने अपनी पूरी ज़िंदगी किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और पिछड़े लोगों को जीवन का एक मार्गदर्शक सिद्धांत दिया। आज, शिव-शाहू-फुले-अंबेडकर के आदर्शों के प्रति समर्पित रहते हुए और उनके विचारों की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, कर्तव्य की भावना के साथ डिप्टी चीफ मिनिस्टर की जिम्मेदारी लेते हुए, मेरा दिल सच में बहुत खुश है। उन्होंने लिखा- हालांकि दादा के असमय जाने से मेरे मन पर दुख का पहाड़ आ गया है, लेकिन उन्होंने मुझे जो कर्तव्य की भावना, संघर्ष की ताकत और लोगों के प्रति समर्पण सिखाया, वह मेरा सच्चा सहारा है। मैं उनके सपनों का न्यायपूर्ण, समान और विकसित महाराष्ट्र बनाने के लिए पूरी ईमानदारी से काम करती रहूंगी।



### पीएम मोदी ने सुनेत्रा पवार को डिप्टी सीएम बनने पर बधाई दी

पीएम ने ट्वीटर पर लिखा, सुनेत्रा पवार जी को महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं। वह इस जिम्मेदारी को संभालने वाली पहली महिला हैं। मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों की भलाई के लिए काम करेंगी और स्वर्गीय अजित दादा के विजन को पूरा करेंगी।

## सम्पादकीय

# बजट 2026 से उम्मीदें: घोषणाओं से आगे बढक़र तय हो परिणामों की जवाबदेही

अक्सर बजट को आंकड़ों की बाजीगरी मान लिया जाता है, लेकिन सच यह है कि बजट किसी सरकार की आत्मा का एक्स-रे होता है। यह बताता है कि सत्ता में बैठे लोग किसे प्राथमिकता देते हैं? किसे केवल आश्वासन?

इस वर्ष के बजट के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यही है, क्या सरकार 'ग्रोथ' यानी विकास और 'इक्विटी' यानी समानता के बीच ऐसा संतुलन बना पाएगी? जो केवल आर्थिक ग्राफ को ऊपर न ले जाए, बल्कि आम नागरिक के जीवन में भी सुरक्षा और भरोसे का एहसास पैदा करे।

क्या विकास का अर्थ केवल जीडीपी के आंकड़े हैं या वह भी विकास है? जिसमें मध्यम वर्ग हर साल महंगाई से हारता चला जाए। सरकार को इस बार केवल टैक्स स्लैब में मामूली फेरबदल से आगे बढक़र कर प्रणाली को अधिक मानवीय बनाना होगा। क्या यह संभव नहीं कि टैक्स स्लैब को हर साल स्वतः मुद्रास्फीति के अनुरूप समायोजित किया जाए? यदि वेतन महंगाई के साथ नहीं बढ़ता तो कर सीमा क्यों स्थिर रहे? क्या मध्यम वर्ग की वास्तविक क्रय शक्ति की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी नहीं है? न्यू टैक्स रिजीम को सरल कहा जा रहा है, लेकिन क्या वह सुरक्षित भी है? यदि इसमें पीपीएफ और ईपीएफ जैसे दीर्घकालिक बचत साधनों को हतोत्साहित किया गया तो कल का बुजुर्ग आज के बजट का बोझ क्यों झेले? क्या सामाजिक सुरक्षा केवल योजनाओं के नाम पर होगी या उसे वास्तविक बचत और भविष्य की गारंटी से जोड़ा जाएगा?

इसी तरह, जब घर खरीदना अब विलासिता नहीं, बल्कि जरूरत बन चुका है तो होम लोन के मूलधन को 80सी की भीड़भाड़ वाली सीमा में क्यों रखा जाए? क्या एक स्वतंत्र डिडक्शन बनाकर लाखों परिवारों को स्थिरता का भरोसा नहीं दिया जा सकता? स्वास्थ्य के मामले में सवाल और भी गंभीर हैं। क्या एक सभ्य समाज वह है, जहां बीमारी परिवार को कर्ज में डुबो दे? बजट में स्वास्थ्य व्यय को जीडीपी के 3 प्रतिशत तक ले जाने का स्पष्ट रोडमैप क्यों नहीं होना चाहिए? क्या हर नागरिक के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच को मुफ्त या सब्सिडी देना भविष्य के बड़े इलाज खर्च को कम नहीं करेगा? कैंसर, हृदय रोग जैसी बीमारियां यदि शुरुआती स्तर पर पकड़ी जाएं तो क्या यह केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की भी रक्षा नहीं होगी? मानसिक स्वास्थ्य, क्या वह अब भी केवल कागजी नीति ही रहेगा या जिला स्तर पर विशेषज्ञों के साथ सक्रिय केंद्र वास्तव में काम करेंगे? शिक्षा के क्षेत्र में आत्ममंथन जरूरी है। क्या डिग्रियों की संख्या बढ़ाने से ही युवा सक्षम हो जाएगा या अब समय 'कौशल' को केंद्र में रखने का है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जीडीपी के 6 प्रतिशत खर्च की बात कही गई है। क्या वह केवल दस्तावेजों में ही रहेगी? डिजिटल भारत की बात तब तक अधूरी है, जब तक ग्रामीण क्षेत्रों में तेज इंटरनेट हर बच्चे को नहीं मिलता। क्या हाई-स्पीड इंटरनेट को मौलिक अधिकार की तरह नहीं देखा जाना चाहिए? यदि एआई और कोडिंग भविष्य की भाषा हैं तो छोटे शहरों और गांवों के बच्चों के लिए एक राष्ट्रीय इनोवेशन फंड क्यों न हो? जो प्रतिभा को पिनकोड तक सीमित न होने दे। महिलाओं को लेकर बजट की दृष्टि बदलनी होगी। क्या महिलाएं केवल योजनाओं की लाभार्थी हैं या वे अर्थव्यवस्था की चालक भी हो सकती हैं। जब तक केयर इकोनॉमी, क्रेच, वर्किंग हॉस्टल, सुरक्षित परिवहन, पर ठोस निवेश नहीं होगा, तब तक महिलाओं की श्रम भागीदारी कैसे बढ़ेगी? हर पांच किलोमीटर में गुणवत्तापूर्ण सरकारी क्रेच और कार्यस्थल आवास क्या कोई असंभव लक्ष्य है? यदि महिलाओं को उद्यमी बनाना है तो 'शिशु लोन' की सीमा बढ़ाकर 10 लाख रुपए तक का 'तरुण लोन' क्यों न हो? ताकि वे छोटे नहीं, बड़े सपने देख सकें?

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 1 फ़रवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1786 - लॉर्ड कार्नवालिस भारत के गवर्नर जनरल बने।
- 1790 - न्यूयार्क शहर में पहली बार 'सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ द यूनाइटेड स्टेट्स' का आयोजन किया गया।
- 1793 - फ़्रांस ने 'यूनाइटेड किंगडम' और नीदरलैंड पर युद्ध की घोषणा की।
- 1797 - लार्ड कॉर्नवालिस ने बंगाल के गवर्नर जनरल के पद की शपथ ली।
- 1814 - फिलीपींस में ज्वालामुखी फटने से करीब 1,200 लोगों की मौत हुई।
- 1827- कलकत्ता बंगाल क्लब की स्थापना हुई।
- 1835 -ईस्ट इंडिया कम्पनी ने दार्जिलिंग को सिक्किम के पट्टे पर लिया।
- मॉरीशस में 'ग़ुलामी प्रथा१ का समापन हुआ।
- 1855 - ईस्ट इंडिया रेलवे का विधिवत उद्घाटन हुआ।
- 1881 - दिल्ली के सबसे पुराने कॉलेज सेंट स्टीफन कॉलेज की स्थापना हुई।
- 1884 -डाक बीमा योजना लागू हुई।
- ऑक्सफ़ोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी का पहला वॉल्यूम ए टू आंट का प्रकाशन।
- 1908 - पुर्तग़ाल नरेश कार्लास प्रथम और युवराज लुइस फिलिप की लिस्बन में हत्या हुई तथा मैनुअल द्वितीय शासक बने।
- 1922 - महात्मा गाँधी ने असहयोग आंदोलन तेज करने की जानकारी भारत के वायसराय को दी।
- 1924 -यू.एस.एस.आर. ने यूनाइटेड किंगडम को मान्यता प्रदान की।
- ब्रिटेन ने सोवियतसंघ को मान्यता प्रदान की।
- 1949 - प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया ने एसोसिएटेड प्रेस ऑफ इंडिया का अधिग्रहण कर लिया।
- 1953 - नीदरलैंड, बेल्जियम, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में आई बाढ़ से 2500 से ज्यादा लोगों की मौत हुई जिसमें सिर्फ नीदरलैंड में ही 1836 लोग मारे गए।
- 1956 - दक्षिण अफ्रीका ने सोवियत संघ के वाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों को वापिस बुलाने की माँग की।
- 1958 - मिस्र और सीरिया को यूनाइटेड अरब रिपब्लिक में मिला दिया गया, जो कि 1961 तक बना रहा।
- 1964 - भारत में यूनिट ट्रस्ट की स्थापना हुई।
- 1972 - भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विमान पतनन प्राधिकरण का गठन हुआ।
- 1974 -साओ पाउलो, ब्राजील में 25 मज़िल बैंक की इमारत में आग से 227 लोगों की मृत्यु हो गयी।
- क्वालालम्पुर को संघीय क्षेत्र घोषित किया गया।
- 1976 - राष्ट्रीय संवाद समिति समाचार का गठन हुआ।
- 1977 -भारतीय तट रक्षक बल का गठन हुआ।

## विशेष आलेख

# अनिश्चितता के महासागर में भारत का 'मैराथन और स्प्रिंट': वर्तमान आर्थिक समीक्षा का रणनीतिक उद्घोष



डॉ नयन प्रकाश गांधी



हाल ही में संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 'आर्थिक समीक्षा 2025-26' महज आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि यह एक बदलती हुई विश्व व्यवस्था में भारत के अस्तित्व और उत्कर्ष का एक दार्शनिक दस्तावेज है। इस समीक्षा का मूल स्वर स्पष्ट है, जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही हो, तब 'यथास्थिति' सबसे बड़ा जोखिम है। समीक्षा ने जिस केंद्रीय रूपक का प्रयोग किया है 'भारत को एक ही समय में मैराथन और स्प्रिंट दौडऩी होगी',वह आगामी वर्ष के लिए देश की आर्थिक रणनीति का आधार स्तम्भ है।

**2025 का विरोधाभास: घरेलू मजबूती बनाम वैश्विक अस्थिरता**

आर्थिक समीक्षा ने वर्ष 2025 की विडंबना को बड़ी बेबाकी से रेखांकित किया है। एक तरफ भारत सात प्रतिशत से अधिक की विकास दर के साथ दशकों में अपना सबसे मजबूत व्यापक आर्थिक प्रदर्शन कर रहा है, तो दूसरी तरफ वैश्विक व्यवस्था चरमरा रही है और भारत लगातार बेहतरीन स्थिति में है। वह युग अब समाप्त हो चुका है जब वैश्विक प्रणाली मुद्रा स्थिरता या पूंजी प्रवाह की गारंटी देती थी। अमेरिका द्वारा लगाए गए लगातार नए टैरिफ और भू-राजनीतिक विखंडन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाएं अब एक अनुकूल नहीं, बल्कि एक शत्रुवत या कम से कम उदासीन वैश्विक वातावरण से टकरा रही हैं।

**तीन वैश्विक परिदृश्य और भारत का सुरक्षा कवच**

समीक्षा ने भविष्य के लिए तीन यथार्थवादी परिदृश्य प्रस्तुत किए हैं 'नियंत्रित अव्यवस्था', 'अव्यवस्थित बहुध्रुवीय विघटन', एवं 'प्रणालीगत उथल-पुथल'। हालांकि अगर देखा जाए तो ये परिदृश्य डराने वाले लग सकते हैं, लेकिन समीक्षा का विश्लेषण आश्वस्त करता है कि भारत अपने विशाल घरेलू बाजार, कम वित्तीयकृत विकास मॉडल और मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार के कारण अन्य देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में है। फिर भी,यह 'आत्मसंतुष्टि' का नहीं, बल्कि 'सतर्कता' का समय है। समीक्षा स्पष्ट करती है कि पूंजी प्रवाह में व्यवधान और रुपये पर दबाव जैसे जोखिम तीनों परिदृश्यों में समान रहेंगे, और यह कोई अल्पकालिक समस्या नहीं बल्कि एक दीर्घकालिक विशेषता हो सकती है।

**नीति से परे 'प्रक्रिया' सुधार-समय की मांग**

शायद इस समीक्षा का सबसे महत्वपूर्ण बौद्धिक योगदान 'नीति सुधार' और 'प्रक्रिया सुधार' के बीच किया गया अंतर है। सरकार ने सही तर्क दिया है कि केवल अच्छी नीतियां बनाना पर्याप्त नहीं है। हमें प्रशासनिक क्रियाओं, नियमों और प्रोत्साहनों को इस तरह ढालना होगा जो जोखिम से बचने के बजाय जोखिम का समय रहते प्रबंधन करें। निरीक्षण-आधारित नियंत्रण को विश्वास-आधारित अनुपालन से प्रतिस्थापित करना एक 'उद्यमशील देश' की निशानी है। सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन जैसे मिशनों में यह बदलाव पहले ही दिखना शुरू हो गया है। यह बदलाव विनियमन से 'सशक्तिकरण' की ओर एक निर्णायक कदम है।

**रणनीतिक संयम और रक्षात्मक निराशावाद**

आर्थिक समीक्षा 2026 के लिए 'रक्षात्मक निराशावाद' के बजाय 'रणनीतिक संयम' की वकालत करती है। इसका सीधा मतलब है कि हमें भयभीत होकर संकुचित नहीं होना है, अपितु अपने मौजूदा संसाधनों को इतना मजबूत करना है कि हम ऐसे वर्तमान और भावी झटकों को झेल सकें। मैनेजमेंट विश्लेषक पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि आयात में वृद्धि अपरिहार्य है, इसलिए निर्यात आय और विदेशी मुद्रा के स्रोतों का विविधीकरण अब एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है।अंततः, आर्थिक समीक्षा का संदेश यह है कि भारत के पास अब निष्क्रिय रहने का विलासिता पूर्ण विकल्प नहीं है। 'मैराथन को स्प्रिंट की तरह दौडऩा'-यानी दीर्घकालिक लक्ष्य विकसित भारत को प्राप्त करने हेतु निर्भीकता ,मजबूती के साथ तीव्र गति के साथ काम करना ही एकमात्र संजीवनी भारत जैसे देश के लिए है। राज्य क्षमता, समाज और विनियमन में ढील इन तीन तत्वों का संगम ही भारत को वैश्विक प्रभाव की दिशा में ले जाएगा। यह राह सरल या आरामदायक नहीं होगी, लेकिन जैसा कि समीक्षा में कहा गया है, यह 'अपरिहार्य' है। भारत को अब अपनी प्रणाली को नवीन रूप देने और वैश्विक अनिश्चितता के उभरने से पहले ही भारत की समृद्धि ,प्रगति हेतु एक दीर्घकालिक सोच रणनीति के साथ आवश्यक मजबूत कार्यवाही करने वाले एक देदीप्यमान भारत देश के रूप में खुद को स्थापित करना होगा।

# सुप्रीम कोर्ट की पहल पर स्कूलों में बालिकाओं को फ्री सेनेटरी पैड



अरविंद रावल

*सामाजिक कार्यकर्ता जया ठाकुर द्वारा इस संबंध में दायर एक जनहित याचिका पर विचार करते हुए न्यायालय ने यह अहम फैसला सुनाया । आज भी देश के कई हिस्सों में मासिक धर्म को लेकर बालिकाओं में संकोच और झिझक देखी जाती है। अधिकांश स्कूलों में मासिक धर्म के दौरान निःशुल्क सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने की व्यवस्था नहीं है। कुछ राज्य सरकारें छात्रवृत्ति के साथ सेनेटरी पैड के लिए नाममात्र राशि बालिकाओं के बैंक खातों में भेजती हैं।*

देश की सर्वोच्च अदालत की दो सदस्यीय माननीय पीठ न्यायमूर्ति श्री जे.बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति श्री महादेवन ने हाल ही में केंद्र, राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के समस्त शासकीय एवं निजी स्कूलों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक अध्ययनरत सभी बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराएं । सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय देशभर की बालिकाओं के हित में लिया गया एक ऐतिहासिक एवं स्वागत योग्य कदम है। विशेष रूप से दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पढने वाली बालिकाओं को इससे मासिक धर्म के दौरान होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी और उनकी पढ़ाई बाधित नहीं होगी ।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने मेनस्ट्रुअल हाइजीन को जीवन एवं निजता के अधिकार (अनुच्छेद 21) का अभिन्न हिस्सा मानते हुए देशभर के सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों में बायोडिग्रेडेबल सेनेटरी नैपकिन, बालिकाओं के लिए पृथक शौचालय तथा स्वच्छता के सभी आवश्यक साधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं । साथ ही, न्यायालय ने सख्त लहजे में कहा है कि यदि कोई स्कूल इन निर्देशों का पालन नहीं करता है तो उसकी मान्यता रद्द की जा सकती है । उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने को लेकर पिछले चार वर्षों से सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। सामाजिक कार्यकर्ता जया ठाकुर द्वारा इस संबंध में दायर एक जनहित याचिका पर विचार करते हुए न्यायालय ने यह अहम फैसला सुनाया । आज भी देश के कई हिस्सों में मासिक धर्म को लेकर बालिकाओं में संकोच और झिझक देखी जाती है। अधिकांश स्कूलों में मासिक धर्म के दौरान निःशुल्क सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने की व्यवस्था नहीं है। कुछ राज्य सरकारें छात्रवृत्ति के साथ सेनेटरी पैड के लिए नाममात्र राशि बालिकाओं के बैंक खातों में भेजती हैं, जो ऊँट के मुँह में जीरा साबित होती है । कुछ राज्यों में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सेनेटरी पैड निर्माण की इकाइयाँ स्थापित की गईं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में कम कीमत पर पैड उपलब्ध हो सकें, लेकिन प्रचार-प्रसार के अभाव एवं प्रशासनिक उपेक्षा के कारण कई इकाइयाँ बंद हो चुकी हैं या बंद होने की कगार पर हैं। वहीं, कुछ स्कूलों में यूनिसेफ के सहयोग से पैड वेंडिंग मशीनें लगाई गईं, लेकिन बजट की कमी के कारण उनमें पैड उपलब्ध न होने से वे केवल शोपीस बनकर रह गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सेनेटरी पैड की अनुपलब्धता के कारण कई बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्कूल छोडऩा पड़ता था, किंतु सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब देश के हर स्कूल में निःशुल्क सेनेटरी पैड उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा और किसी भी बालिका को इस कारण शिक्षा से वंचित नहीं रहना पड़ेगा । हालाँकि हमारा देश तकनीकी रूप से प्रगति कर चुका है, लेकिन आज भी मासिक धर्म जैसे प्राकृतिक विषय पर सामाजिक संकोच बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद राज्य सरकारों को गंभीरता से स्कूलों में सेनेटरी नैपकिन एवं स्वच्छता सुविधाएँ उपलब्ध कराने के प्रयास करने होंगे, ताकि बालिकाएँ निर्भीक होकर अपनी शिक्षा जारी रख सकें।

## लघु कथा | बढ़ता राजस्थान

### पत्ता परिवर्तन

वह ताश की एक गड्डी हाथ में लिए घर के अंदर चुपचाप बैठा था कि बाहर दरवाज़े पर दस्तक हुई। उसने दरवाज़ा खोला तो देखा कि बाहर कुर्ता-पजामाधारी ताश का एक जाना-पहचाना पत्ता फडफ़ड़ा रहा था। उस ताश के पत्ते के पीछे बहुत सारे इंसान तख्ते लिए खड़े थे। उन तख्तों पर लिखा था, यही है आपका इक्का, जो आपको हर खेल जितवाएगा। वह जानता था कि यह पत्ता इक्का नहीं है। वह खीज गया, फिर भी पत्ते से उसने संयत स्वर में पूछा, कल तक तो तुम अपनी गड्डी छोड़ गद्दी पर बैठे थे, आज इस खुली सडक़ में फडफ़ड़ा क्यों रहे हो? पत्ते ने लहराते हुए उत्तर दिया, मेरे प्रिय भाई! चुनावी हवा बड़ी तेज़ चल रही है...। आप तो अपने हो, अपना खेल खेलते समय ताश की गड्डी में से आप मुझे ही सबके सामने फेंकना।

वह खुश हो उठा, आखिर लगभग पाँच सालों बाद वह दर्शक से फिर खिलाड़ी बना था। उसने उस पत्ते के रंग और समूह को गौर से निहारा और अपनी ताश की गड्डी में से उसी रंग और समूह के राजा को निकाल कर पूछा, तुम्हारा राजा यही है क्या?

पत्ते ने स्नेहपूर्वक उत्तर दिया, हाँ प्रिय भाई। अब उसने आशंकित स्वर में प्रश्न किया, लेकिन कुछ दिनों बाद यह राजा भी कहीं पिछले राजाओं की तरह बदल कर जोकर तो नहीं बन जाएगा? यह सुनते ही पत्ते के पीछे




खड़े इंसान उस राजा की जय-जयकार के नारे लगाने लगे और वह पत्ता उड़ कर दूसरे दरवाज़े पर चला गया।

वह निराश हो गया। दरवाज़ा बंद कर उसने अपने हाथ में सहेजी हुई ताश की पूरी गड्डी को अपने घर के अंदर उछाल दिया। और आश्चर्य! आसमान में उड़ रहे वे सारे पत्ते जोकर वाले पत्ते में बदलने लगे।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

### क्या कॉफी पीने से ही दूर हो जाता है माइग्रेन, जाने कितनी सच है ये बात

सिर दर्द और माइग्रेन आपका पूरा दिन ही खराब कर सकते हैं। माइग्रेन की वजह से पूरे दिन आपका मूड भी खराब रहता है और कोई भी काम करने में दिलचस्?पी नहीं रहती है। हम में से कई लोग सिरदर्द होने पर अगर दवाईयों से बचना चाहते है तो सीधा कॉफी पीते हैं। क्या कॉफी पीने से सिर दर्द दूर हो जाता है।

**-व्यक्ति पर निर्भर करता है कैफीन का असर**

यह भी याद रखना चाहिए कि कैफीन हर किसी को अलग तरह से प्रभावित करता है और इसलिए सिरदर्द और माइग्रेन का कोई स्थाई जवाब नहीं है। ये हर किसी पर अलग तरह से काम करती है। कई लोग होते है जिन्हें सुबह आसानी से उठने में परेशानी होती है



वजह वो चिंता से घिरे होते हैं आसानी से उठना उनके लिए मुश्किल होता है। ऐसे में कॉफी भी उन्हें नींद से उठाने में कोई मदद नहीं करती है। इस तरह कॉफी हर किसी की टेंशन और माइग्रेन को दूर करने में भी पूरी तरह सफल नहीं होती है।

**-कॉफी की मात्रा पर भी निर्भर करती है**

कभी-कभी कॉफी पीने की मात्रा पर भी निर्भर करता है। नियमित तौर पर आप एक से दो कप ही कॉफी पीते होंगे लेकिन अगर आप एक कप एक्स्ट्रा पीते हो तो ये आपकी स्थिति में मदद नहीं करता है। बल्कि यह आपकी माइग्रेन की समस्या को बढ़ाते हुए आपको अधिक निर्जलित और चिंतित महसूस करा सकता है।

**-नेचुरल रहें**

अगर कॉफी पीने से भी आपको माइग्रेन से निजात नहीं मिलती है तो आपको कोई और थैरेपी इस्तेमाल करनी चाहिए। आप नेचुरल थैरेपी से भी सिरदर्द को भगा सकते हैं। घरेलू उपाय जैसे कालीमिर्च, पुदीना और शहद के इस्तेमाल से पुराना सिरदर्द आप भगा सकते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज आपको अपने कामों को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा। आपके बिजनेस में कोई डील लटक सकती है, जो बाद में आपके लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं। आप अपने घर परिवार में चल रही समस्याओं को लेकर किसी बाहरी व्यक्ति से बातचीत न करें।

**वृष**

आज के दिन आपकी लिए निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी, लेकिन फिर भी आप किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें। यदि आप कहीं शॉपिंग पर जाए, तो उसमें अपनी जेब का ख्याल अवश्य रखें।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी और आप अपने पेंडिंग कामों को भी समय से निपटने की कोशिश करेंगे।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपकी काम को लेकर टेंशन भरपूर रहेगी, क्योंकि आपको एक साथ कई काम हाथ लगेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बढिय़ा रहने वाला है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी और आपको किसी छोड़ी हुई नौकरी का ऑफर आ सकता है। आप अपने बॉस के चाहिते रहेंगे।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। शेयर मार्केट में आप अच्छा इन्वेस्टमेंट करने की सोचेंगे, लेकिन आप किसी एक्सपर्ट की राय के बिना आगे ना बढ़े। किसी सदस्य की सेहत में उतार-चढ़ाव रहने।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए सेहत पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको कुछ उतार-चढ़ाव रहने से समस्या बढ़ेगी। विद्यार्थी अपनी परीक्षा की तैयारी में जमकर मेहनत करेंगे। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपकी काम को लेकर कार्यक्षेत्र में नई छाप रहेगी।

**वृश्चिक**

आज अच्छी सोच का आपको कार्यक्षेत्र में लाभ मिलेगा। आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती हैं, जिसे आप आसानी से पूरा करेंगे। यदि प्रॉपर्टी को लेकर कोई डील अटकी हुई थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है, लेकिन आपके ऊंचे सपने आपकी राह में बाधा डाल सकते हैं।

**मकर**

आज आपके मन में काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे, जिन्हें आपको तुरंत व्यवसाय में लगाने की आवश्यकता है और आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्स पर भी पूरा ध्यान देंगे।

**कुंभ**

आज आपको बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा, क्योंकि आपकी इसी आदत के कारण परिवार के सदस्य भी आपसे नाराज हो सकते हैं और आपकी शौक मौज के चीजों में भी इजाफा होगा।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए व्यर्थ के झगड़े व झंझटों से दूर रहने के लिए रहेगा। यदि आप परिवार में किसी को कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरे उतरेंगे। आपको अपने निजी मामलों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

## मुख्यमंत्री ने निवाई में किया ग्राम उत्थान शिविर का अवलोकन

# राजस्थान में किसानों का जीवन हो रहा खुशहाल, गरीबों के उत्थान के साथ-साथ युवाओं को मिल रहा रोजगार- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने राजस्थान को ऐसा प्रदेश बनाया है, जहां युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर, गरीबों का उत्थान और किसानों का जीवन खुशहाल हो रहा है। इसी कड़ी में ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से आमजन को विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक करते हुए पात्र व्यक्तियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। ये शिविर प्रदेश के हर गिरदावर सर्किल पर लगाए जा रहे हैं, ताकि किसानों और ग्रामीणों को सभी सेवाएं नजदीक उपलब्ध हो सकें।

मुख्यमंत्री शर्मा शनिवार को टोंक के निवाई में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्राम उत्थान शिविरों में किसानों, पशुपालकों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। अब तक पूरे प्रदेश में 941 ग्राम उत्थान शिविर लगाकर लाखों ग्रामीणों को लाभ पहुंचाया गया है। इनमें 50 हजार से अधिक सोइल हेल्थ कार्ड और 33 हजार स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया है। 2 लाख 60 हजार पशुओं की प्राथमिक चिकित्सा और 20 हजार पशुओं का टीकाकरण किया गया है। वहीं, पीएम सूर्य घर योजना के तहत 20 हजार पंजीकरण भी किए गए हैं।

**370 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास**







**वीबी जी राम जी से बदलेगी ग्रामीण भारत की तस्वीर-**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि जब गांव आगे बढ़ेगा, तभी देश आगे बढ़ेगा। हाल ही में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार वीबी जी राम जी कानून लेकर आई है, जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। इसके माध्यम से ऐसे स्थायी विकास के कार्य होंगे जो गांवों में जल सुरक्षा, बुनियादी ढांचा और आजीविका संवर्धन में कारगर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि योजना में तकनीक के माध्यम से कार्य पारदर्शी तरीके से होंगे। इससे हर श्रमिक को पैसा समय पर मिलेगा। यह कानून ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलेगा और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सशक्त भूमिका निभाएगा।

## टोंक को दी 370 करोड़ रुपये से अधिक राशि के 64 विकास कार्यों की सौगात

इस दौरान मुख्यमंत्री ने टोंक को 370 करोड़ रुपये से अधिक राशि के 64 विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न लोकार्पण और शिलान्यास शामिल है। साथ ही, उन्होंने मल्टी क्रॉप थ्रेसर अनुदान, किसान क्रेडिट कार्ड, गोपाल क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता, शेडनेट हाउस तथा पॉली हाउस की सब्सिडी योजनाओं के लाभार्थियों एवं राजीविका दीदी समूहों को प्रतीकात्मक रूप से चौक वितरित किए और पीएम कुसुम योजनान्तर्गत सोलर पम्प प्रमाण-पत्र भी सौंपे। इससे पहले श्री शर्मा ने ग्राम उत्थान शिविर का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल, ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर, विधायक रामसहाय वर्मा, राजेन्द्र गुर्जर, प्रमुख शासन सचिव कृषि, उद्यानिकी एवं पंचायतीराज विभाग मंजू राजपाल, सम्भागीय आयुक्त अजमेर शक्ति सिंह राठौड़, कृषि एवं पंचायतीराज विभाग की आयुक्त चिन्मयी गोपाल, पुलिस महानिरीक्षक राजेन्द्र सिंह, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना, जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सामाजिक समरसता का संगम बना हिन्दू सम्मेलन, हजारों की संख्या में लोग हुए शामिल



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर नगर के विवेकानंद बस्ती का विराट हिंदू सम्मेलन आज रणथंभौर विलास गार्डन में आयोजित हुआ । बस्ती अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह एवं कार्यक्रम संयोजक गिरीश शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में सुभाष नगर, ब्रह्मपुरी, कुतलपुरा जाटान, हिम्मतपुरा, विवेकानंदपुरम, विज्ञान नगर, गणपति नगर, महावीर नगर सहित आसपास के क्षेत्र से भव्य कलश यात्रा, संजीव झांकियां ढोल नगाड़ों के साथ कार्यक्रम में पहुंची, जहां समिति के सदस्यों ने यात्राओं की अगुवाई की । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दुर्गादास उपस्थित रहे, मुख्य वक्ता ने कहा कि पुरातन संस्कृति को आत्मसात कर व्यवहार में लाना एवं स्वत्त्व को पहचानकर पुनः इसी भारत माता को गौरवशाली एवं विश्व गुरु बनाने का आह्वान किया, इस अवसर पर संरक्षक के रूप में त्रिनेत्र गणेश मंदिर के प्रधान सेवक हिमांशु गौतम, निकुंज गौतम, पूज्य संत दयालु गौड़ ,पूज्या संत साहिबा दास महाराज उपस्थित रहे । सम्मेलन में उपस्थित आमजन को अतिथियों ने हिंदुत्व का संरक्षण एवं संवर्धन करने का आह्वान किया, कार्यक्रम के अंत में पंच परिवर्तन को सार्थक करते हुए सहभोज का आयोजन भी किया गया, कार्यक्रम के समापन पर संयोजक ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## घर लौट-रहे दोस्तों को ट्रोले ने कुचला, 2 की मौत:पीछे से आकर टक्कर मारी, हाईवे पर बिखरे शव; पुलिस ने ट्रैफिक रुकवाया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(का.स.)।** टोंक में बाइक सवार 3 दोस्तों को ट्रोले ने कुचल दिया। हादसे में 2 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरे को हल्की चोट आई है। हादसा इतना था कि शव हाईवे पर पर बिखर गए। लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को ट्रैफिक रोकना पड़ा। इसके बाद एम्बुलेंस से शवों को अस्पताल पहुंचाया गया और घायल का इलाज किया गया। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- युवकों को बजरी से भरे ट्रोले ने टक्कर मारी थी। लेकिन, पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। मामले को लेकर जांच जारी है।

मामला टोंक के बरौनी थाना इलाके से गुजर रहे जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे 52 का शनिवार दोपहर 2.15 बजे का है। शाम को दोनों का अंतिम संस्कार किया गया।

**टक्कर मार कर भागा ड्राइवर**

पीपलू एसआई राम अवतार ने बताया- सोहेला निवासी दिलखुश बैरवा ( 18 ) पुत्र श्योकरण बैरवा और सरदारपुरा निवासी धर्मराज बैरवा ( 20 ) बनवारी बैरवा की ट्रोले की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य परिचित युवक घायल है, जिसका इलाज किया गया। ड्राइवर फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

**2 को कुचला एक बचा**

सोहेला के सरपंच रामदास बैरवा ने बताया- दिलखुश, धर्मराज और कालू बाइक पर सवार होकर टोंक से सोहेला की तरफ आ रहे थे। इस दौरान एक बेकाबू ट्रोले ने तीनों की बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रोला दिलखुश और धर्मराज को कुचलता हुआ निकल गया। कालू हादसे में बच गया।

**खेती करता है दोनों का परिवार**

दिलखुश के एक बहन है और पिता श्योकरण खेती बाड़ी करते हैं। वहीं धर्मराज के पिता भी खेती कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। धर्मराज कॉलेज की पढाई कर रहा था और दिलखुश स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ता था। आज ये निजी काम से टोंक गए थे।

# जिला कलक्टर ने बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम ने शनिवार को आलनपुर स्थिति राजकीय बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय, सवाई माधोपुर का औचक निरीक्षण कर पशु चिकित्सा सेवाओं, दवा भंडारण, रिकॉर्ड संधारण तथा स्वच्छता व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला औषधि भंडार में पशुधन हेतु उपलब्ध दवाओं की स्थिति का अवलोकन करते हुए स्थायी स्टॉक रजिस्टर, ओपीडी/आउटडोर रजिस्टर तथा मुख्यमंत्री पशु निःशुल्क दवा योजना के उपयोग रजिस्टर की जांच की और दवाओं के समुचित संधारण एवं समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पशुधन हेतु मिनरल मिक्स की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।



जिला कलक्टर ने चिकित्सालय में संचालित शल्य चिकित्सा कक्ष एवं एक्स-रे कक्ष का निरीक्षण कर चिकित्सा उपकरणों की कार्यशीलता, स्वच्छता एवं सुरक्षा मानकों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जांच एवं उपचार सुविधाएं नियमित एवं सुचारू रूप से संचालित रहें, ताकि पशुपालकों को समय पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के दौरान ओपीडी रजिस्टर सुव्यवस्थित एवं अद्यतन पाया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के लाभार्थियों से संवाद कर योजना के लाभों की जानकारी ली। उन्होंने संस्थान में अतिरिक्त चिकित्सा संसाधनों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक बजट मांग पत्र शीघ्र भिजवाने के निर्देश भी दिए।

जिला कलक्टर ने पशुधन निःशुल्क आरोग्य एवं दवा योजनाओं के तहत दवाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने, लंबित मांगों के त्वरित निस्तारण तथा फील्ड स्तर पर पशु चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई, पौधारोपण एवं पशुपालकों के लिए बैठने की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए इन्हें नियमित बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पशुपालकों के लिए पशु चिकित्सा सेवाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

**जिलेभर में निरीक्षण अभियान**

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव गर्ग ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार शनिवार को जिले के 30 से अधिक पशु चिकित्सा संस्थानों का उपखंड अधिकारी, तहसीलदार एवं विकास अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इस अवसर पर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव गर्ग, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्योति गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं पशुपालक उपस्थित रहे।

## पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के मीडिया सलाहकार ट्रेन के टॉयलेट में फंसे, चिल्लाते रहे 'गेट तोड़ो वरना मौत हो जाएगी'

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** कोटा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के मीडिया सलाहकार महेंद्र भारद्वाज के साथ एक बेहद भयावह घटना घटी, जिसने उनकी जान जोखिम में डाल दी। वे शुक्रवार की शाम ट्रेन संख्या 22981 में कोटा से जयपुर लौट रहे थे। सवाईमाधोपुर के पास वे ट्रेन के टॉयलेट में फंस गए। करीब एक घंटे तक वे अंदर बंद रहे और इस दौरान उनका दम घुटने की नौबत आ गई।

महेंद्र भारद्वाज ने सोशल मीडिया पर अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि वे सामान्य जरूरत के लिए बाथरूम गए थे, लेकिन लौटते समय अंदर की कुंडी अचानक जाम हो गई और दरवाजा बिल्कुल नहीं खुला। छोटी-सी जगह में बदबू और घुटन बढने लगी। उन्होंने कई बार जोर-जोर से आवाज लगाई, लेकिन बाहर किसी को सुनाई नहीं दी। उनके पास रेलवे के किसी अधिकारी का नंबर भी नहीं था। छोटी सी जगह में घुटने लगा दम घबराकर उन्होंने अपने रिश्तेदार हरीश शर्मा और बेटे दिव्यांश को फोन किया। दोनों ने रेलवे हेल्पलाइन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन तुरंत मदद नहीं मिल पाई। इस बीच महेंद्र धीरे-धीरे मानसिक तनाव और बेचैनी की स्थिति में जाने लगे। उन्होंने लिखा कि ट्रेन का टॉयलेट महज दो फीट गुणा दो फीट का था, जिसमें खड़े रहना भी मुश्किल हो रहा था।

रेलवे वाले भी तुरंत नहीं कर पाए मदद कुछ देर बाद रेलवे को सूचना मिली और कर्मचारी मौके पर पहुंचे, लेकिन करीब 10 मिनट की कोशिश के बाद भी दरवाजा नहीं खुल सका। आखिरकार अधिकारियों ने कहा कि दरवाजा तोडना ही पड़ेगा, लेकिन इससे भारद्वाज के ऊपर दरवाजा गिरने का खतरा था। उन्होंने खुद ही बाहर से धक्का लगवाने को कहा और दोनों हाथों से दरवाजा संभाल लिया।

## टोंक स्थित विश्व विख्यात शोध संस्थान के लिए हुई चर्चा, फोल्डर के विमोचन के साथ उसके विकास के लिए संघर्ष का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** राजस्थान की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को संजोने वाले विश्व विख्यात मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी फारसी शोध संस्थान की अहमियत एवं वर्तमान आवश्यकता पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को जयपुर के झोटवाड़ा स्थित फार्चून एविलेट होटल में हुआ। इस कार्यक्रम में संस्थान की विरासत को मजबूत करने और उसकी स्थिति पर गहन विचार-विमर्श किया गया। साथ ही शोध संस्थान की अहमियत और वर्तमान स्थिति पर आधारित फोल्डर का विमोचन किया गया।



सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति बीएल शर्मा ने कहा कि इस संस्थान को बचाने के लिए इसे आधुनिक से ओतप्रोत करते हुए आगे बढाने पर जोर दिया। उन्होंन शिक्षा को बढावा देने पर जोर देते हुए कहा जो हमारे पूर्वजों ने धरोहर संरक्षित की उनको आगे बढाने की जरूरत है। इसके विकास पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। शोध संस्थान की अहमियत को आमजन को अवगत कराते हुए उनको भी जोडना चाहिए। शनिवार को आयोजित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति बी.एल. शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति मोहम्मद हनीफ ने की। विशेष रूप से मौजूद रहे रिटायर्ड जज अयूब खान, टोंक प्रोग्रेसिव कमेटी के पदाधिकारी सहित कई प्रबुद्धजन और विद्वान मौजूद रहे। इस मौके पर जफर रजा, सरताज मेहमूद, मोहम्मद शकील, सोहेल खान, अमजदुल्लाह खान, फरहान अख्तर, अफरोज सरताज, मोहम्मद सुफियान, इमरान सरताज, गुफरान खान आदि मौजूद रहे।

**प्रोग्रेसिव कमेटी प्रदेश स्तर पर करेगी काम**

आयोजित कार्यक्रम में ये भी तय हुआ की प्रोग्रेसिव कमेटी प्रदेश स्तर पर गठित होगी। रिटायर्ड जज अयूब खान की सरपरस्ती में शोध संस्थान ही नहीं राजस्थान की कई समस्याओ के समाधान के लिए अपनी भूमिका निभाएगी। शिक्षा के लिए स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित करने के साथ ही राजस्थान के विकसित के लिए कार्य करने पर जोर देगी।

## महाराव हमीर स्मृति सेवा प्रन्यास व सेवा भारती समिति का जिला स्तरीय सम्मान से कार्यकर्ताओं का बढ़ा मनोबल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राष्ट्रीय पर्वों पर खास तौर पर समाजसेवी संगठनों के सम्मान पर कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से मनोबल बढ़ जाता है ! इन संगठनों का सम्मान भी होना जरूरी है, क्योंकि ऐसे समाजसेवी संगठन निस्वार्थ भाव से सभी समाजों में आर्थिक एवं कमजोर वर्गों को आगे बढ़ाने में काफी मेहनत करते हैं ! इस प्रकार के विचार शहर के नागरिकों ने जिला प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में महाराव हमीर स्मृति सेवा प्रन्यास व सेवा भारती समिति सवाई माधोपुर को जनहित में किए गए कार्यों के लिए सम्मानित करने पर व्यक्त किए हैं !

गौरतलब है कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीना ने प्रन्यास को निःशुल्क चिकित्सा शिविर, पॉलिथीन मुक्त भारत, पर्यावरण संरक्षण, अभावग्रस्त लोगों को दीपावली पर मिठाई एवं पूजन सामग्री वितरण एवं निःशुल्क कंप्यूटर लाइब्रेरी संचालन जैसे सामाजिक कार्यों के लिए प्रन्यास के अध्यक्ष दिनेश गोहिल को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

## वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओं का किया उत्साहवर्धन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा



बढ़ता राजस्थान

**दूनी(नि.स.)।** तहसील मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम के साथ आयोजित हुआ। शिक्षक सुरेंद्र सिंह नरुका ने बताया कि कार्यक्रम में शहरी संकुल प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य कैलाश वर्मा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नरेंद्र गुगलिया विशिष्ट अतिथि के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हरिनारायण वैष्णव ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिभा सुविधा की मोहताज नहीं होती प्रत्येक बालक में कोई न कोई प्रतिभा अवश्य छुपी होती है और शिक्षक का दायित्व है कि उस प्रतिभा को खोज कर बाहर लाने का प्रयास करें। उप प्रधानाचार्य शांतिलाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में शैक्षणिक,सह शैक्षणिक एवं खेल में प्रतिभा दिखाने वाले 75 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही अपना विद्यालय अपना भामाशाह,वृक्ष मित्र,वृक्ष संरक्षक एवं विद्यालय के पूर्व छात्रों का साफा,सोल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## भासू में ग्राम उत्थान शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** केन्द्र व राज्य सरकार के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं को लेकर शनिवार को गिरदावर सर्कल भासू मुख्यालय पर ग्रामोत्थान शिविर का आयोजन किया गया। भारत निर्माण सेवा केन्द्र में आयोजित शिविर की अध्यक्षता प्रशासक जगराज सिंह ने की। शिविर का उद्देश्य कृषि विभाग व पशुपालन समेत अन्य विभागीय योजनाओं में पात्र व्यक्तियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करना रहा। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी सतपाल कुमावत व सहायक प्रभारी नायब तहसीलदार मनीष मीणा की देखरेख में आयोजित ग्रामोत्थान शिविर में भासू, लक्ष्मीपुरा धाकड़ान, भांवता, दाबड़दुम्बा व बासेड़ा के करीब 270 पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी मुकेश कुम्हार, कनिष्ठ सहायक अमित करोडीवाल समेत गिरदावर सर्कल के विभागीय अधिकारी व कार्मिक व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# सर पदमपत सिंघानिया यूनिवर्सिटी ने प्रवेश 2026 के लिए इन-हाउस एआई रोबोट 'आईरा' किया लॉन्च

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( नि.स. )।** भटेवर स्थित सर पदमपत सिंघानिया यूनिवर्सिटी (एसपीएसयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने हेतु अपना पूर्णतः इन-हाउस विकसित एआई-संचालित रोबोट 'आईरा' लॉन्च किया। इस प्रकार का रोबोट लॉन्च करने वाली एसपीएसयू इस संभाग की एकमात्र विश्वविद्यालय बन गई है। यह पहल विश्वविद्यालय की नवाचार, उद्योग-संरेखित शिक्षा, कौशल-आधारित प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट (वाइस चांसलर) डॉ. पृथ्वी यादव ने बताया कि उद्योग आधारित पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों के करियर को नई दिशा देना तथा उन्हें राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदार बनाना है। उन्होंने जानकारी दी कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. कार्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रो प्रेसिडेंट (प्रो वाइस चांसलर) प्रो. प्रसून चक्रवर्ती ने बताया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने दिन-रात कड़ी मेहनत कर कम लागत में दो रोबोट विकसित किए हैं, जो एआई तकनीक की दिशा में छात्रों की बढ़ती दक्षता का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि एसपीएसयू द्वारा पूर्णतः इन-हाउस डिजाइन एवं निर्मित एआई-संचालित प्रवेश सहायता रोबोट 'आईरा' संभावित विद्यार्थियों को रियल-टाइम में प्रवेश संबंधी जानकारी प्रदान करता है। यह स्वदेशी नवाचार, डिजिटल परिवर्तन एवं छात्र-केंद्रित सेवाओं के प्रति विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है। प्रेसिडेंट (वाइस चांसलर) डॉ. पृथ्वी यादव ने आगे बताया कि प्लेसमेंट के क्षेत्र में विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। गत वर्ष विश्वविद्यालय में 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हुआ था, जबकि वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में अब तक 70 प्रतिशत से अधिक प्लेसमेंट हो चुका है। छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में आकर्षक पैकेज प्राप्त हुए हैं, जो विश्वविद्यालय की उद्योग-संरेखित अकादमिक व्यवस्था एवं सशक्त कॉर्पोरेट सहयोग का प्रमाण है। विश्वविद्यालय एमबीए (सस्टेनेबिलिटी मैनेजमेंट) एवं बीबीए (स्पोर्ट्स मैनेजमेंट) जैसे भविष्य-उन्मुख एवं उद्योग-आधारित कार्यक्रम भी संचालित कर रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि अपने कौशल विकास प्रयासों को और अधिक सुदृढ़ बनाते हुए एसपीएसयू ने बजाज ऑटो के सहयोग से कौशल एवं व्यावसायिक केंद्र विकसित किया है। इसके अंतर्गत सर्विस टेक्नीशियन एक्सीलेंस प्रोग्राम (स्ञश्वक्क) संचालित किया जा रहा है, जो कौशल-आधारित एवं उद्योग-एकीकृत कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण, व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा छात्रों की तकनीकी दक्षता एवं रोजगारयोग्यता में वृद्धि करना है। इस अवसर पर कैंपस डायरेक्टर कर्नल एच.पी. सिंह, डीन इंजीनियरिंग प्रो. अमित गोयल, प्रो. नवीन कुमार (डिप्टी डीन, इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजी), डॉ. आशीष गुप्ता एवं डॉ. आनंद ए. भास्कर सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोकायुक्त पहुंचा आमथला की वन भूमि का मामला, रिपोर्ट तलब

## जिला कलक्टर को पत्र भेज कर मांगी तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट आमथला में बेशकीमती भूमि खुर्द-बुर्द किए जाने का मामला

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** आबूरोड के आमथला में वन विभाग की बेशकीमती भूमि को खुर्द-बुर्द किए जाने का मामला लोकायुक्त तक पहुंच गया है। भू माफिया इस भूमि को डकारे जाने की तैयारी कर रहा है। इस बीच ही लोकायुक्त ने जिला कलक्टर से जांच रिपोर्ट तलब की है। लोकायुक्त सचिवालय से जिला कलक्टर को भेजे पत्र में विभिन्न बिंदुओं पर रिपोर्ट चाही है। इसमें पटवार हल्का आमथला के खसरा संख्या-111 समेत अन्य उल्लेखित खसरों में कृषि भूमि का सीमाज्ञान करवा कर रिपोर्ट मांगी है। वहीं, इस खसरा नम्बर में वन भूमि पर नौ बीघा भूमि पर कोई अतिक्रमण है तो उस सम्बंध में की गई विधिक कार्यवाही की रिपोर्ट एवं अतिक्रमण रोकने के जिम्मेदार लोकसेवक पर की गई कार्यवाही रिपोर्ट भी मांगी गई है।

### इस तरह हुआ था भूमि आवंटन

बताया जा रहा है कि वर्ष-1966 में सोमाराम पुत्र कालाराम को खसरा संख्या-111 में 22 बीघा भूमि आवंटित हुई थी। नियमानुसार उसने कब्जा भी प्राप्त कर लिया था, लेकिन इसके बाद हुए सेटलमेंट अभियान के दौरान वर्ष-1972-73 में यह आवंटित भूमि सहवन से वन विभाग के नाम चढ़ गई। आवंटित परिवार ने वर्ष-2013 में माउंट आबू एसडीएम के समक्ष अपने हक में नामांतरण खोलने का दावा प्रस्तुत किया। निर्णय में आवंटी के पक्ष में नामांतरण खोलने के आदेश पारित हुए।

### जरीब के नाप-जोख में हड़प ली भूमि

असली खेल इस आदेश के बाद शुरू हुआ। उपखंड अधिकारी न्यायालय से पारित हुए आदेश के बाद आवंटी के नाम से 22 बीघा नामांतरण खोल दिया गया। इस मामले में आबूरोड तहसीलदार इस तरह का एक आवेदन भी दे चुके थे कि वर्ष-1966 में आवंटित 22 बीघा भूमि का नाप नई जरीब के अनुसार 13.15 बीघा ही बनता है। ऐसे में आवंटी केवल 13.15 बीघा भूमि ही अपने नाम चढ़वाने का अधिकारी है। लेकिन, इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

### नामांतरण खुलते ही आवंटी ने विक्रय कर दिया

माना जा रहा है कि भू-माफिया ने बेशकीमती भूमि हड़पने का पूरा जाल बना रखा था। बताते हैं कि 22 बीघा भूमि का नामांतरण खोलने के बाद आवंटी ने इसे विक्रय कर दिया। मौके पर भौतिक रूप से भूमि नहीं होने से खरीदारों ने आसपास के वन भूमि को भी कब्जे कर लिया तथा आवंटी की वास्तविक 13.15 व वन विभाग की नौ बीघा भूमि को मिलाकर मौके पर 22 बीघा भूमि का नाप पूरा कर लिया।

# अखिल भारतीय यादव महासभा में राजेन्द्र प्रसाद यादव बने कोटपूतली-बहरोड़ जिलाध्यक्ष, समाज में हर्ष

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** अखिल भारतीय यादव महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरविंद यादव ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सम्मानित वरिष्ठजनों की सहमति से प्रागपुरा कस्बे के मग्ल्याली प्याऊ निवासी राजेन्द्र प्रसाद यादव पुत्र उमराव यादव को जिला कोटपूतली-बहरोड़ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर यादव समाज में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद यादव ने महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामानन्द यादव, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अरविंद यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री सुभाष यादव अरणिया सहित समस्त नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। राजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यादव समाज के उत्थान, सामाजिक न्याय, शिक्षा, संगठन विस्तार एवं आपसी भाईचारे को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा, समाज की एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। सभी को साथ लेकर चलना और युवा वर्ग को संगठन से जोड़ना मेरा लक्ष्य रहेगा। उनकी नियुक्ति को संगठन के लिए एक सकारात्मक कदम बताया जा रहा है, जिससे जिले में यादव महासभा को नई दिशा और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ठिकरिया में भामाशाह सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ठिकरिया में भामाशाह सम्मान समारोह उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच नारंगी देवी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश गिठाला उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में गुलाराम यादव, लालचंद यादव एवं धर्मेंद्र यादव शामिल रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य केदारमल मीना द्वारा किया गया। समारोह के दौरान समाजसेवी धर्मेंद्र यादव पुत्र गुलाराम यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरक पहल करते हुए कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए। प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को लेटेस्ट वर्जन एचपी लैपटॉप, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को टैबलेट पीसी, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को रेंजर साइकिल तथा 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को डिनर सेट व 2100 नकद प्रदान किए गए। धर्मेंद्र यादव द्वारा इस अवसर पर लगभग डेढ़ लाख रुपये से अधिक की राशि पुरस्कार स्वरूप विद्यार्थियों को दी गई, जिसकी उपस्थित ग्रामीणों व विद्यालय परिवार ने मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर चेतन सोलंकी, रोहिताश्व यादव, बलबीर बसवाल, श्रीराम यादव, प्रकाश चन्द रैगर, देवानन्द कुम्भकार, मुकेश खटीक, कैलाश चन्द यादव, केदारमल सैनी, पवन बसवाल, गोकुल सिंह, नरेन्द्र यादव, राकेश बलाई, नत्थूसिंह शेखावत सहित शिक्षकों व सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही। समारोह प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# सुरक्षा के लिए हेलमेट लटकाना नहीं पहने रखना है

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन




बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों एवं युवाओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह के दौरान विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि जिला कलक्टर अल्पा चौधरी रहीं। उन्होंने राहवीर योजना पर बल देते हुए कहा कि दुर्घटना में घायल की जरूर मदद करनी चाहिए। इसके लिए सरकार प्रोत्साहन राशि भी देती है। उन्होंने दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने पर बल दिया। कहा कि आमतौर पर हेलमेट बाइक पर लटका देते है, जो गलत है उसे पहने रखना चाहिए। इससे हमारी सुरक्षा होती है।

आपातकालीन मदद के लिए अति आवश्यक नम्बर अपने मोबाइल में सेव रखने चाहिए। पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवरान ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए करना आवश्यक है। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से जो जागरूकता आई है उसे अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया। परिवहन निरीक्षक विनितकुमार ने कार्रवाई को लेकर प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

### जागरूकता से जीवन बचाने की दी सीख

जिला परिवहन अधिकारी अक्षमिता राठौड़ ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान का यह चौथा संस्करण है। इस तरह के अभियान से लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता आती है। इसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए, ताकि अपना व दूसरों का जीवन बचाया जा सके। इस माह का मुख्य उद्देश्य सीख से सुरक्षा, प्रौद्योगिकी से परिवर्तन रहा है। राष्ट्रीय सडक सुरक्षा हम सभी की प्राथमिकता है।

### विजेताओं को किया सम्मानित

समारोह में विभाग की ओर से आयोजित चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता में अव्वल रहे छात्रों एवं गणतंत्र दिवस पर विभाग की झांकी के जिलास्तर पर तृतीय रहने पर अधिकारियों एवं कार्मिकों को सम्मानित किया गया। पुलिस उप अधीक्षक मुकेश चौधरी, उथमण टोल प्रबंधक संदीप शर्मा, परिवहन निरीक्षक हरिराम, जुहारमल, प्रेमसिंह, नीरव मीणा, प्रवेशकुमार, प्रकाश डाबी, राजेश मीणा, खुशबू मालवान, यातायात प्रभारी राजेशकुमार आदि मौजूद रहे।

# मनोहरलाल चौहान तीसरी बार डॉ. बी. आर. अंबेडकर नवयुवक संघ के अध्यक्ष निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** गोलूवाला में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन में रविवार को डॉ. बी.आर. अंबेडकर नवयुवक संघ, गोलूवाला की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से समाज सेवा और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए मनोहरलाल चौहान को लगातार तीसरी बार अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन करते हुए रमेश कुमार सरवटा को उपाध्यक्ष, विनोद माहेच को संरक्षक, रामेश्वर लाल व विजय कुमार को कोषाध्यक्ष तथा विकास बरोड़ व महेंद्रपाल टेलर को सचिव मनोनीत किया गया। नवनियुक्त कार्यकारिणी का कार्यकाल आगामी एक वर्ष के लिए रहेगा। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का समाज के गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में गोपाल मास्टर, गुलाब महेरड़ा, ओमप्रकाश चोपड़ा, पूर्व अध्यक्ष विनोद माहेच, पूर्व अध्यक्ष विजय कालवा, शंकरलाल, सूर्या कालवा, बलराज सिंह, संजय चौहान सहित संगठन के अनेक सदस्य और ग्रामीण मौजूद रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष मनोहरलाल चौहान ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे बाबा साहेब के आदर्शों पर चलते हुए समाज उत्थान और युवाओं को संगठित करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# डी पी एस उदयपुर का रेयांश बना स्टेट टॉपर



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली पब्लिक स्कूलए उदयपुर की कक्षा आठवीं के अत्यंत प्रबुद्ध व प्रतिभाशाली छात्र रेयांश जैन ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स तथा होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन मुम्बई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन जूनियर साइंस . 2025 में समूचे राजस्थान राज्य में शीर्ष स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। प्रोण् वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल ने छात्र व अभिभावकों को बधाई दी और भविष्य में भी उत्तरोत्तर प्रगति व सफलता हेतु शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य संजय नरवरिया ने बताया कि यह परीक्षा पूरे भारत में नवंबर 2025 में 1705 केंद्रों पर आयोजित की गई थीए जिसमें रेयांश ने उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा में भाग लिया और कठिन परिश्रम व लगन से शीर्ष स्थान प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। उप प्राचार्य राजेश धाभाई तथा विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र व अभिभावकों को बधाई दी।

# इनर व्हील दीवास ने मनाया यूथ फेस्टिवल युवाओ को किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** इनर व्हील क्लब ऑफ उदयपुर दीवास द्वारा एमण्जीण् गर्ल्स कॉलेज हॉस्टल में यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया गया। फाउंडर रेखा भाणावत ने बताया कि कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य वक्ता डॉण् रंजीत वर्मा एवं डॉण् बलदीप शर्मा ने छात्राओं को करियर निर्माण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर मार्गदर्शन दिया। अध्यक्ष समीक्षा खण्डेलवाल ने कहा कि इस यूथ फेस्टिवल में युवाओ को सोशल मीडिया के प्रभाव और सकारात्मक व्यक्तित्व विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। वक्ताओं ने विद्यार्थियों के सवालों के सरल और स्पष्ट जवाब दिए। पूर्व अध्यक्ष नयना जैन ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान छात्राओं की सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें प्रशंसा स्वरूप प्रमाण पत्र वितरित किए गएए जिससे विद्यार्थियों का उत्साह और आत्मविश्वास और अधिक बढ़ा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में हॉस्टल वार्डन स्नेहा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सचिव शशि मेहताए उपाध्यक्ष आशा श्रीमाली सहित ललिता बापनाए नेहा रांकाए सुनीता जैनए आशा नवेडियाए सीमा भंडारीएसीमा जसूजाए लीना डांगीए सुशी पालिवाल उपस्थित रहीं।

# आसमान छूती कीमतों से स्वर्णकार संकट में, पुश्तैनी कारोबार छोड़ रहे सुनार -बबलू सोनी

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** सोने और चांदी की कीमतों में आ रही रिकॉर्ड तोड़ तेजी ने आम आदमी के साथ-साथ स्वर्णकारों की भी नींद उड़ा दी है। सर्राफा बाजार की मौजूदा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए स्वर्णकार संघ पीलीबंगा के मंत्री बबलू सोनी ने कहा कि सोने-चांदी के दाम जिस रफ्तार से बढ़ रहे हैं, उससे स्थानीय व्यापार पूरी तरह ठप होने की कगार पर पहुंच गया है।मंत्री बबलू सोनी ने बताया कि ग्राहकों ने पहले जिन आभूषणों के ऑर्डर देकर पैसे जमा करवाए थे, कीमतों में आए अचानक उछाल के कारण अब उन आभूषणों को तैयार करने में स्वर्णकारों को चार गुना अधिक लागत लगानी पड़ रही है।

इस भारी आर्थिक नुकसान के चलते स्वर्णकार मानसिक रूप से टूट रहे हैं और कई तो आत्महत्या जैसे आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर हैं।

### धंधा चौपट, कारीगरों का पलायन

बबलू सोनी के अनुसार, शादी-ब्याह के सीजन में भी महंगाई के कारण लोग सोना-चांदी खरीदने से कतरा रहे हैं, जिससे कारोबार पूरी तरह चौपट हो गया है। हालात इतने विकट हैं कि कई स्वर्णकार अपनी पुश्तैनी कारीगरी छोड़ने को मजबूर हो गए हैं।

### विश्वास की डोर टूटी, कानूनी पचड़ों में फंस रहे स्वर्णकार

उन्होंने एक गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि पुश्तैनी समय से चली आ रही विश्वास की परंपरा अब टूट रही है। ग्राहक जरूरत पड़ने पर आभूषण गिरवी रखकर पैसे ले जाते हैं, लेकिन जब स्वर्णकार अपने पैसे वापस मांगता है, तो ग्राहक पुलिस प्रशासन का सहारा लेकर स्वर्णकार के खिलाफ ही कानूनी कार्रवाई कर देते हैं। पुलिस द्वारा ग्राहक के आभूषण तो वापस दिलवा दिए जाते हैं, लेकिन स्वर्णकार की मेहनत की गाढ़ी कमाई और दिया गया पैसा डूब जाता है। स्वर्णकार संघ ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने और इस संकट की घड़ी में स्वर्णकारों को राहत प्रदान करने की मांग की है।

# पत्रक व पीले चावल बांटकर दिया सम्मेलन का न्यौता

## सनातन जागरण का सम्मेलन आज, तैयारियां पूर्ण, शहर के नागेश्वर महादेव मंदिर से निकलेगी कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सिरोही के नागेश्वर बस्ती में रविवार शाम विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मातृशक्ति के नेतृत्व में नागेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा भी निकलेगी। सनातन जागरण के इस सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं ने वृहद स्तर पर तैयारियां की है। कार्यकर्ताओं ने घर-घर पत्रक व पीले चावल बांटकर न्यौता दिया है। आयोजन समिति के अनुसार क्षेत्र के समस्त परिवारों में जबरदस्त उल्लास बना हुआ है। सम्मेलन आदर्शनगर लिंक रोड स्थित राधिका कॉलोनी के हनुमान मंदिर प्रांगण में होगा। सम्मेलन स्थल को भगवा रंग एवं धार्मिक प्रतीकों से आकर्षक रूप से सजाया गया है। इसमें मंगलपुरी महाराज, मानव सेवा आश्रम सिरोही से साध्वी बाईजी महाराज सहित संतों का सान्निध्य रहेगा। मुख्य वक्ता जोधपुर प्रांत महाविद्यालय विद्यार्थी कार्य प्रमुख हरिकिशन काकड़ रहेंगे।

**तोरणद्वार से मार्गों की सजावट:** उधर, सम्मेलन व कलश यात्रा को देखते हुए मार्गों में आकर्षक सजावट की गई है। विभिन्न जगह तोरणद्वार लगाए गए हैं। सम्मेलन से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बालिकाएं व युवतियां कलश धारण कर शामिल होंगी।

# अनूपगढ़ में कड़ाके की ठंड के बीच आज ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट, 2 फरवरी तक बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ राजस्थान में हाल ही में हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद मौसम फिर बदल गया है, जिससे ठंड एक बार फिर बढ़ गई है. इसके साथ ही कई हिस्सों में हल्की शीतलहर चलने और तापमान में और गिरावट की संभावना है. पिछले चार दिनों से घने कोहरे के कारण सड़कों की हालत खराब बनी हुई है. मौसम विभाग के अनुसार, आज यानी 31 जनवरी से एक मजबूत वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा, जिससे जयपुर, भरतपुर, बीकानेर और कोटा संभाग में बादल छाए रहने के साथ ही कुछ जगहों पर हल्की बारिश और ओले गिरने की संभावना है. इसका असर 2 फरवरी तक रहेगा।

### सिरोही में ठंड बरकरार

मौसम विभाग की डेली डाटा रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान में मौसम शुष्क रहा. राज्य में कहीं-कहीं पर मध्यम से घना कोहरा भी दर्ज किया गया. तापमान की बात करें तो राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 25.6 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान सिरोही में 4.9 डिग्री दर्ज किया गया. वहीं, दर्ज प्रेक्षण के अनुसार राज्य में आर्द्रता की औसत मात्रा 27 से 70 प्रतिशत के मध्य दर्ज की गई।

### आज से ओलावृष्टि और गरज/बिजली गिरने की संभावना

पश्चिम हिमालय क्षेत्र में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से भारत मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी राजस्थान में 31 जनवरी को ओलावृष्टि और गरज चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. जिसमें अजमेर, कोटा, जयपुर, भरतपुर संभाग सहित शेखावाटी क्षेत्र के जिले शामिल है. वहीं 1 और 2 फरवरी को भी उत्तरी और पूर्वी राजस्थान के अजमेर, कोटा, जयपुर और भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश अथवा मावठ का दौर जारी रह सकता है. इसकी वजह से शनिवार रात से अगले 3 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 3 से 5एष्ट की बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है।

इसके बाद के 3 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान 2 से 4एष्ट तक फिर घटने की संभावना है।

## जैन प्रोफेशनल ओलंपिक एवं क्रिकेट टूर्नामेंट समाज को एक नई दिशा देगा - विधायक आक्या




बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** जैन प्रोफेशनल ओलंपिक एवं क्रिकेट टूर्नामेंट समाज को एक नई दिशा देगा। सामाजिक सरोकार की यह शुरूआत प्रोफेशनल्स को एक मंच पर लाकर समाज के सभी वर्गो को एक प्रेरणा देगा। उक्त विचार विधायक चन्द्रभानसिंह आक्या ने शनिवार को जैन प्रोफेशनल टर्फ क्रिकेट लीग जेपीसीएल-3 के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये।

जैन प्रोफेशनल ओलंपिक एवं क्रिकेट के मुख्य संयोजक डॉ. अरविंद सांखला ने बताया कि मुख्य अतिथि विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने दीप प्रज्वलित कर टूर्नामेंट की शुरुआत की। अतिथि भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदर्शन रामपुरिया, महावीर जैन मंडल के कोषाध्यक्ष नवीन पटवारी, भाजपा नेता ओमप्रकाश शर्मा, शेलेंद्र झंवर, नरेंद्र पोखरना, सुधीर जैन, रवि विरानी भी थे। इस दौरान जैन समाज से महिला मंडल अध्यक्ष कल्पना मेहता, सांवरमल बोलिया, किरण डांगी, चांदमल बोकडिया, सुरेश लोढ़ा, कमल जैन, डॉ रतनलाल मारू, विमल प्रकाश सांखला, राजेश सेठिया, राजकुमार बज्ज, राजेश विरानी, उमा सुराणा आदि उपस्थित रहे।

मुख्य संयोजक मनीष छाजेड ने बताया की 2 दिन के इस टूर्नामेंट मे 12 टीम भाग लेगी., टीम के ओनर , अलका जैन, संजय ढीलीवाल, शुभम संपत डांगी, डॉ आई एम सेठिया, रौनक उमेश जैन, मोनिका रत्नेश बोहरा, हार्दिक रमेश मेहता, डॉ लोकेश जैन, अमन कनिका पाटनी, मोहित भूपेश फत्तावत, अविनाश सुराना,अर्पित नवीन पटवारी आदि की टीम ने भाग लिया। जैन ओलंपिक के मुख्य संयोजक जितेश रांका ने बताया कि इस आयोजन में क्रिकेट के अलावा पिकलबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज, आदि गेम्स आयोजित किये जायेंगे वहीं महिलाओं के लिए भी विविध प्रतियोगिता आयोजित होगी।

## ब्यावर जिला कोर्ट स्थानांतरण के विरोध में अधिवक्ताओं का आर-पार का ऐलान

**दूसरे दिन भी जारी रहा आंदोलन, शहर में निकाली भव्य वाहन रैली**



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर जिला कोर्ट को बाहर ले जाने के प्रस्ताव के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन शनिवार दूसरे दिन भी पूरे जोश के साथ जारी रहा। जिला कोर्ट को बर-निमाज क्षेत्र में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को लेकर अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला विरोध स्वरूप अधिवक्ताओं ने शहर में भव्य वाहन रैली निकालकर अपना रोष प्रकट किया। वाहन रैली के दौरान कैबिनेट मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। रैली की शुरुआत कोर्ट परिसर से हुई, जो भगत चौराहा, सिटी सिनेमा, चांग गेट, पाली बाजार, लोहारन चौपड़, भारत माता सर्कल, महादेव जी की छतरी, अजमेरी गेट व सुभाष सर्कल से होते हुए पुनः कोर्ट परिसर पहुंचकर शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई अधिवक्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक जिला कोर्ट को ब्यावर मुख्यालय पर ही रखने का ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। आंदोलन को लेकर अधिवक्ताओं में एकजुटता और दृढ़ संकल्प स्पष्ट रूप से नजर आया।

**पशुपालकों की सेहत और सुरक्षा पर प्रशासन की नजर**

## उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह ने पशु चिकित्सा केंद्रों का किया सघन निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह ने शनिवार को उदयपुर रोड स्थित राजकीय बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा केंद्र तथा अजमेर रोड स्थित दौलतगढ़ सिंघा राजकीय उप-स्वास्थ्य पशु चिकित्सा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने औषधि कक्ष, स्टोर कक्ष एवं दवा कक्ष का गहन अवलोकन किया। साथ ही पशुओं को लगाए जाने वाले विभिन्न टीकों, टीकाकरण प्रक्रिया तथा अलग-अलग पशुओं के लिए निर्धारित टीकों की जानकारी ली।

**राज्यपाल के अभिभाषण पर विधायक अशोक कोठारी का समर्थन**

## भीलवाड़ा को मिली सौगातों का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा के दौरान भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने अभिभाषण पर विश्वास व्यक्त करते हुए सरकार के कार्यों का समर्थन किया। विधायक कोठारी ने अपने संबोधन में कहा कि देश को ऐसा प्रधानमंत्री मिला है, जिनके निर्णायक कदमों से भारत का स्वाभिमान, गौरव और सुरक्षा सुदृढ़ हुई है। उन्होंने कहा कि विकास और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में देश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है तथा निकट भविष्य में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

## राष्ट्रीय हैंडबाल में राजस्थान को सिल्वर मेडल,विजेता टीम में चित्तौड़ग़ढ़ के 5 खिलाडी

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** 69वीं राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता (अंडर-19 वर्ग) में राजस्थान की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। इस बड़ी उपलब्धि में चित्तौडग़ढ़ जिले के पाँच खिलाडियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। राजस्थान की उपविजेता टीम में शामिल सभी पाँच खिलाड़ी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पुरोहितों के सांवता के छात्र हैं। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक जवान सिंह चुंडावत ने जानकारी देते हुए बताया कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता गुजरात के सोमनाथ में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित की गई थी।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में राजस्थान और गुजरात की टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, जिसमें गुजरात ने राजस्थान को 4 गोल के अंतर से पराजित किया। इसके बावजूद राजस्थान टीम का प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट में सराहनीय रहा। राजस्थान ने सेमीफाइनल में हरियाणा को 25-14 से करारी शिकस्त देकर फाइनल में जगह पक्की की थी। राजस्थान की ओर से खलते हुए पुरोहितों के सांवता के खिलाडी छात्र अंकित अहीर, कमलेश सुथार, दीपक अहीर, कमलेश अहीर एवं गोपाल अहीर ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए राज्य का प्रतिनिधित्व किया।

टीम के कोच दलिप चौधरी, टीम मैनेजर भगवान भादू, सहायक कोच शिवराज श्रृंगी एवं दलाधिपति राजेश कुमार ओझा के मार्गदर्शन में खिलाडियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। खिलाडियों का उत्साह और मनोबल बढ़ाने के लिए पुरोहितों के सांवता से रतन अहीर, द्वारकाप्रसाद गदिया, जगदीश समदानी एवं बद्री जाट भी प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित रहे।

सांवता का रितेश खेलेगा अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर शारीरिक शिक्षक जवान सिंह चुंडावत ने बताया कि इसी विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ी रितेश अहीर का चयन आगामी अप्रैल माह में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय स्कूल गेम्स हैंडबॉल प्रतियोगिता (अंडर-17) के लिए हुआ है। रितेश का चयन कर्नाटक में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के दौरान किया गया था और वे अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**यूजीसी बिल-2026 के खिलाफ सवर्ण समाज का उग्र ऐलान**

## भारत माता सर्किल पर पुतला दहन, गगनभेदी नारों के साथ सरकार को खुली चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** यूजीसी बिल-2026 को लेकर सवर्ण समाज का आक्रोश चरम पर पहुँच गया। सवर्ण समाज प्रतिनिधि सभा, ब्यावर के नेतृत्व में सवर्ण समाज संघर्ष समिति एवं समाज के युवाओं ने शहर की हृदयस्थली भारत माता सर्किल पर जोरदार एवं उग्र प्रदर्शन करते हुए यूजीसी बिल के राक्षसी पुतले का दहन किया प्रदर्शन के दौरान 'काला कानून वापस लो', 'जी सी हाय-हाय' जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। आक्रोशित युवाओं ने पुतले पर जूतों से प्रहार कर यह संदेश दिया कि शिक्षा, प्रतिभा और युवाओं के भविष्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा वक्ताओं ने कहा कि समानता की आड़ में लाया गया यह बिल समाज को विभाजित करने वाला, अवसरों को सीमित करने वाला और शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने वाला काला कानून है। इसे तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाना चाहिए। आंदोलनकारियों ने हाथों में तख्तियां व पोस्टर लेकर सरकार को चेताया कि यदि यह कानून वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा सवर्ण समाज ने स्पष्ट किया कि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई अस्थायी रोक से समाज संतुष्ट नहीं है, क्योंकि अस्थायी राहत समाधान नहीं है। जब तक यूजीसी बिल-2026 को पूर्ण रूप से रद्द नहीं किया जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा सभा में यह भी घोषणा की गई कि आंदोलन लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण रहेगा, लेकिन सरकार और यूजीसी के प्रत्येक निर्णय पर पैनी निगरानी रखी जाएगी। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, किंतु चेतावनी साफ थी—यदि शिक्षा विरोधी और समाज-विभाजनकारी नीतियां वापस नहीं ली गईं, तो सवर्ण समाज का आंदोलन निर्णायक रूप लेगा प्रतिनिधि सभा ने बताया कि आगामी रणनीति तय करने के लिए बैठकों का दौर निरंतर जारी रहेगा।



## राजकीय विद्यालय तस्वारिया (कपासन) में आयोजित विज्ञान मेले में विभिन्न प्रकार की लगी प्रदर्शनी



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** क्षैत्र के पीएम श्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तस्वारिया में शनिवार को विज्ञान मेले का आयोजन किया गया ।जिसमे विभिन्न प्रकार की 17 मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गयी।

राजकीय विद्यालय तस्वारिया संस्था प्रधान सीपी सिरोया ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार के अभियान के तहत विद्यालय परिसर में विज्ञान मेला का पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बामणिया दिलीप कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजन किया गया ।जिसमे जल प्रदुषण,सौर मंडल, ज्वालामुखी सहित विभिन्न प्रकार के 17 मॉडल तैयार कर प्रदर्शनी लगाई गयी ।इस दौरान चोखाखेड़ा विद्यालय प्रतिनिधि गणपतलाल कुमावत,कंप्यूटर अनुदेशक राहुल,वार्ड पंच राजकुमार गाडरी सहित स्थानीय ग्रामवासीयो द्वारा विज्ञान मेले में उपस्थित होकर अवलोकन किया गया ।उक्त विज्ञान मेले मैथ्स एवं साइंस सर्किल तथा क्विज प्रतियोगिता का विज्ञान मेला प्रभारी रिजवान खान व रामनिवास के संयोजन में आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के अंत में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पारितोषित प्रदान कर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण जोशी व आभार गोविंद सिंह यादव द्वारा व्यक्त किया गया।

## प्रख्यात संत दिग्विजयरामजी महाराज 2 फरवरी से करेंगे श्रीमद भागवत कथा का वाचन, कलश यात्रा से होगा आगाज



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** धर्मनगरी भीलवाड़ा में 2 से 8 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित अग्रवाल उत्सव भवन में आयोजित इस सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में रामद्वारा चित्तौडग़ढ़ के प्रख्यात रामस्नेही संत दिग्विजय रामजी महाराज व्यासपीठ से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे। आयोजन स्व. श्रीमती गीतादेवी तोषनीवाल चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में किया जा रहा है।

शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में ट्रस्ट व आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने तैयारियों की जानकारी दी। बताया गया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक होगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशाल डोमयुक्त पांडाल का निर्माण कर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजन को सुव्यवस्थित बनाने हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गए हैं। कथा महोत्सव का शुभारंभ 2 फरवरी को सुबह 10.15 बजे माणिक्यनगर रामद्वारा से अग्रवाल उत्सव भवन तक निकाली जाने वाली भव्य कलश शोभायात्रा से होगा। महोत्सव के अंतर्गत 2 से 8 फरवरी तक पंचकुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ प्रतिदिन सुबह 8 से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित होगा।

## विराट हिन्द सम्मेलन का कपासन में मंत्रोच्चार एवं शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** नगर में विराट हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का शनिवार को भव्य मंत्रोच्चार एवं शिवाजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ आयोजन किया गया ।जिसके तहत पंचमुखी बालाजी मंदिर से गाजे-बाजे के साथ नगर के मुख्य मार्गो से होकर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया ।जिसका नगर के चुंगी नाका स्थित एसआर वाटिका पहुंचकर समापन किया गया ।यहां कार्यक्रम में संयोजक राधेश्याम वैष्णव ने हिंदू सम्मेलन की पृष्ठभूमि को स्पष्ट करते हुवे विचार रखे तथा अध्यापिका सुधा विजयवर्गीय ने बच्चों का प्रथम गुरु मां को बताया।

इस मौके पर रामस्नेही संप्रदाय के संत कीमत राम महाराज ने कहाकि हमारे विचारों के अनुसार हमारे धर्म,समाज व देश का निर्माण होगा ।हमें जागृत होने की आवश्यकता है ।साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाहा दिनेश भट्ट ने बताया कि हम सब का परम सौभाग्य है ।हमारा जन्म भारत जैसी धन्य धरा पर हुआ है ।साथ ही भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने हेतु संपूर्ण हिंदू समाज का पूर्ण एकीकृत होने की महत्ती आवश्यकता है ।श्री सांवलिया धाम मूंगाना आश्रम अनुजदास महाराज ने कहाकि बच्चों को धर्म, शास्त्र व संस्कृति से जोडक़र रखने की आवश्यकता बताई तथा आगामी 27 अप्रैल को गौ माता को राष्ट्र माता बनाने हेतु गौ सम्मान आव्हान अभियान से जुडने का आव्हान किया गया। इस कार्यक्रम के अंत में स्वर्णकार समाज अध्यक्ष एवं आयोजित उक्त कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी द्वारा आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया ।साथ ही नंदकिशोर सोनी द्वारा प्रत्येक सनातनी कार्यक्रम में इसी प्रकार बढ़-चढक़र भाग लेने का आग्रह के साथ आह्वान किया गया ।आयोजन समिति के सदस्य दिलीप बारेगामा ने बताया कि इस कार्यक्रम में संपत सुथार,रतन टांक,बादशाह सिंह, अंबिका प्रसाद जायसवाल,मुकेश जागेटिया,सांवरिया सेन,रोहित सिंह राजपूत,सागर पाराशर,विनय शंकर जीनगर आदि गणमान्यजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।उक्त कार्यक्रम का संचालन गोपाल कृष्ण काबरा द्वारा किया गया।

## ग्राहकों के विश्वास की चिंता करता है अर्बन बैंकः डा आई एम सेठिया

बढ़ता राजस्थान





**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** चित्तौडग़ढ़ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की निंबाहेड़ा शाखा द्वारा आयोजित रजत जयंती सक्रांति महोत्सव बैंक अध्यक्ष डा आई एम सेठिया की अध्यक्षता व पूर्व विधायक अशोक नवलखा,निदेशक बाल किशन धूत,हेमंत शर्मा,बाबर मल मीना,कल्याणी दीक्षित ,हरीश आहूजा,प्रमुख उद्यमी सुशील चौधरी,प्रियंक नरेडी,भजन जिज्ञासु,पारस वीरवाल,ललित शारदा, सिद्धराज सिंघवी प्रबंध निदेशक वंदना वजीरानी के आथित्य में झूलेलाल भवन में संपन्न हुआ। बैंक अध्यक्ष डा सेठिया ने अध्यक्षीय उद्बोधन में अर्बन बैंक की स्थापना व कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की प्रतिस्पर्धा के दौर में सीमित साधनों के बावजूद बैंक ने सभी आधुनिक तकनीक माध्यमो को अपना कर विशेषकर युवा ग्राहकों को जोडऩे का प्रयास किया है। बैंक व्यापक प्रचार प्रसार के माध्यम आमजन में भी सहकारिता की भावना का बीजारोपण करने का प्रयत्न कर रहा है। डॉ. सेठिया ने बड़े बैंको के समकक्ष सेवाए देने के साथ ही न्यूनतम ब्याज दर ऋष्ण स्वीकृत करने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने बैंक की स्थापना से लेकर आज तक की प्रगति यात्रा का साक्षी होने के साथ ही ग्राहकों के विश्वास को प्राथमिकता देते हुए । बैंक की मजबूती के लिए सराहनीय रयास किए बैंक की प्रबंध निदेशक वंदना वजीरानी ने स्वागत उद्बोधन व बैंक की विस्तृत परिचयात्मक जानकारी प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि भजन जिज्ञासु,सिद्ध राज सिंगवी,निदेशक हरिश आहूजा,बाल किशन धूत कल्याणी दीक्षित ने भी बैंक के कार्यक्रलाप की सराहना करते हुए कहा कि बैंक जिले के मध्यम वर्ग को जोडक़र उनको आर्थिक संबल प्रदान करने का सराहनीय काम कर रहा है।

## बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही में दर्ज किया 71प्रतिशत बढ़ा शुद्ध लाभ

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही में मजबूत परिचालन प्रदर्शन दर्ज करते हुए समेकित शुद्ध लाभ 53 करोड़ रुपये दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 71 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में कंपनी का समेकित ईबीआईटीडीए 18 प्रतिशत बढक़र 312 करोड़ रुपये हो गया।

कंपनी ने बताया कि संचालन लागत को तर्कसंगत बनाने, उत्पाद एवं भौगोलिक मिश्रण को अनुकूलित करने तथा संयंत्रों में क्षमता उपयोग बढ़ाने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। सीमेंट डिवीजन का ईबीआईटीडीए मार्जिन 14.8 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 11.9 प्रतिशत था। वहीं समग्र सीमेंट उत्पादन लागत में वर्षांतराल आधार पर 4 प्रतिशत की कमी आई। हालांकि, समेकित राजस्व में 4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 2,178 करोड़ रुपये रहा। सीमेंट बिक्री की मात्रा 6 प्रतिशत घटकर 4.23 मिलियन टन रही, जिसका कारण बाजार में अनुमानित 4-6 प्रतिशत तक मूल्य गिरावट रहा। कंपनी ने नवंबर 2025 में लागू श्रम संहिताओं के संभावित प्रभाव को देखते हुए दिसंबर तिमाही में 34 करोड़ रुपये का प्रावधान असाधारण मद के रूप में किया।

बी2सी खंड में कंपनी ने मिश्रित एवं प्रीमियम सीमेंट की बिक्री पर ध्यान केंद्रित रखा। तिमाही में मिश्रित सीमेंट की हिस्सेदारी बढक़र 87 प्रतिशत हो गई। प्रीमियम ब्रांड 'परफेक्ट प्लस' और 'यूनिक प्लस' की बिक्री में क्रमशः 19 प्रतिशत और 29 प्रतिशत की वर्षांतराल वृद्धि दर्ज हुई। ऊर्जा लागत नियंत्रण के तहत नवीकरणीय बिजली खपत बढक़र 31 प्रतिशत हो गई है।

# जिला प्रभारी सचिव ने किया ग्राम उत्थान शिविरों का निरीक्षण, शिविरों में आने वाला कोई नागरिक निराश नहीं लौटे

## विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर पात्रता के आधार पर करें चयन - आनंदी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिला प्रभारी सचिव एवं शासन सचिव सहकारिता आनंदी ने शनिवार को पंचायत समिति भुसावर के गिरदावर सर्किल ग्राम इटामदा में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर का निरीक्षण कर योजनाओं का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को मौके पर लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। जिला प्रभारी सचिव ने विभागों द्वारा लगाई गई विभिन्न स्टालों का निरीक्षण कर अधिकारियों द्वारा की जा रही गतिविधियों का फीडबैक लिया तथा योजनाओं की जानकारी देकर शिविर में ही पत्रजनों का चयन कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति शिविर से निराश नहीं लौटे यह सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक नागरिक को योजना की पात्रता के आधार पर से प्रेरित होकर लाभान्वित करें। ई मित्र के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कराए। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाली समस्याओं का मौके पर ही निरीक्षण कर समाधान करें अथवा भविष्य में की जाने वाली कार्यवाही से परिवादी को अवगत कराएं। जिला प्रभारी सचिव ने आम नागरिकों के परिवाद सुनकर संबन्धित विभागों से फीडबैक लिया तथा समयबद्धता के साथ त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ से वंचित नागरिकों के सत्यापन एवं अन्य किसी कारण के पेंशन नहीं मिलने के मामलों को भी शिविर में ही समाधान करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा इटामदा के विद्यालय के बाहर मुख्य रोड पर कचरा डालने से मार्ग अवरूद्ध होने के प्रकरण में सम्बन्धित व्यक्तियों को उपखण्ड प्रशासन एवं ग्राम पंचायत को पाबंद करने के निर्देश दिये। ग्राम सलेमपुर में जल जीवन मिशन योजना में बनी टंकी में पानी लीकेज होने तथा ग्रामीणों को ट्यूबवेल से पानी नहीं मिलने की जांच करवाने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कहा कि सभी विभाग सरकार की मंशा के अनुरूप शिविर में आमलोगों को लाभान्वित करते हुए समस्याओं को मौके पर ही निराकरण करें।

उन्होंने विद्युत, पेयजल एवं सामाजिक सुरक्षा योजना संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान कर राहत प्रदान करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, उपखंड अधिकारी भुसावर राधेश्याम मीना, उप रजिस्ट्रार सहकारिता सचिन्द्र चतुर्वेदी, अधीक्षण अभियंता ऊर्जा रामहेत मीना, संयुक्त निदेशक कृषि राधेश्याम मीना, उद्यान जनकराज मीना, पशुपालन रामकिशन महावर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं उपखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिविर में ये हुए लाभान्वित

शिविर प्रभारी एसडीएम राधेश्याम मीना ने बताया कि इटामदा में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर में कृषि विभाग द्वारा तारबंदी योजना, पाईपलाइन, फॉर्मपौंड योजना, फसल बीमा, समर्थन मूल्य व कृषि योजना की जानकारी दी गई, मृदा कार्ड वितरण 10, मिनीकिट का सत्यापन 1627, बीज वितरण का सत्यापन 100 किसानों का किया गया। उद्यानिकी विभाग के द्वारा फव्वारा संयंत्र, ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पम्प व विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। सोलर पम्प के 3, पॉली हाउस के 3 आवेदन तैयार कराये गए। कृषि विपणन द्वारा माईक्रो फूड़ प्रोसिंसिग के 1, मुख्यमंत्री कृषक सहायता के 1 एवं बस स्टैण्ड यात्राओं के लिए किसान विश्राम स्थल में इटामदा के प्रस्ताव लिये गए।

## डॉ. गर्ग ने दौरे के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में की शिरकत



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने दो दिवसीय भरतपुर दौरे के दौरान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व वैवाहिक कार्यक्रमों में शिरकत की और लोगों की समस्याओं को भी जानकर समाधान कराने का विश्वास दिलाया। डॉ. गर्ग ने भरतपुर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया तथा लोगों की समस्याओं को सुना। समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के लिये निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक, धार्मिक व वैवाहिक कार्यक्रमों में शिरकत कर बधाई व शुभकामनायें दी।

## डीग जिला चिकित्सालय को मिले पांच विशेषज्ञ चिकित्सक

### डीग जिले के मरीजों को अब नहीं जाना पड़ेगा भरतपुर और अलवर

बढ़ता राजस्थान

**डीग( नि.स. )।** राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ग्रुप-2 विभाग एवं पंचायती राज चिकित्सा विभाग की संयुक्त शासन सचिव निशा मीना द्वारा जारी 657 पीजी और डिप्लोमा कर चुके चिकित्सकों की नियुक्ति सूची में डीग के राजकीय जिला चिकित्सालय को बड़ी सौगात मिली है। सूची के तहत विभिन्न विभागों में पांच विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है, जिससे जिले के मरीजों को अब इलाज के लिए भरतपुर और अलवर नहीं जाना पड़ेगा।

राजकीय जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह फौजदार ने बताया कि नियुक्ति सूची के अनुसार डीग जिला अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकिता जैन, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह पोहिया, फिजिशियन डॉ. राघवेंद्र सिंह, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. महेंद्र कुमार यादव और फॉरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. हरीश मीणा की पदस्थापना की गई है।

उन्होंने बताया कि इनमें से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकिता जैन, फिजिशियन डॉ. राघवेंद्र सिंह और फॉरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. हरीश मीणा ने जिला चिकित्सालय डीग में अपना कार्यभार भी संभाल लिया है। इन विशेषज्ञों चिकित्सकों की नियुक्ति से अब डीग जिले के लोगों को नेत्र, त्वचा, आंतरिक चिकित्सा, रेडियोलॉजी और फॉरेंसिक सेवाओं के लिए भरतपुर या अलवर नहीं जाना पड़ेगा। इससे मरीजों का समय और खर्च दोनों की बचत होगी, साथ ही जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

## धौलपुर में दूसरे दिन भी छाया घना कोहरा

### जनजीवन प्रभावित, 9 डिग्री पहुंचा न्यूनतम तापमान; ठंडी हवाओं ने गलन बढ़ाई

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिले में मौसम का मिजाज बदल गया है। लगातार दूसरे दिन भी सुबह से पूरे जिले में घना कोहरा छाया रहा, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो गई, वहीं ओस और ठंडी हवाओं ने गलन बढ़ा दी है। इस मौसमी बदलाव से लोगों को एक बार फिर कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, जिले में दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। तापमान में कमी के कारण सुबह और देर रात अधिक ठंड महसूस हो रही है। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और दफ्तर जाने वाले लोग विशेष रूप से सर्दी से प्रभावित हो रहे हैं। सुबह के समय घने कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। राष्ट्रीय राजमार्गों और ग्रामीण क्षेत्रों में कम दृश्यता के चलते वाहन चालकों को सावधानी बरतनी पड़ी। कई जगहों पर वाहन चालक हेडलाइट जलाकर यात्रा करते दिखे। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को भी ठंड और कोहरे से परेशानी का सामना करना पड़ा।

## कांग्रेस बोली-ट्रम्प के फायदे के लिए मोदी इजराइल में नाचे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की फाइल्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी नाम है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने ट्वीटर पर दो पोस्ट की हैं। उन्होंने लिखा- यह राष्ट्रीय शर्म का विषय है। पीएम किसलिए जेफ्री एपस्टीन की सलाह ले रहे थे? पहली पोस्ट में खेड़ा ने लिखा है कि जेफ्री एपस्टीन को अमेरिका में मानव तस्करी, नाबालिगों के यौन शोषण और बलात्कार का दोषी ठहराया है, वो लिखता है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसकी सलाह मानी। अमेरिका के राष्ट्रपति को फायदा पहुंचाने के लिए इजराइल में नाच-गाना किया।

# गुमट क्षेत्र में जलदाय विभाग और पीडब्ल्यूडी की लापरवाही भोग रहे नागरिक

### दो महीने से बंद पड़ा है सड़क निर्माण का कार्य,परेशान नागरिको ने दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के गुमट मोहल्ले में दो महीने पूर्व पेयजल पाइप लाइन डालने के साथ पीडब्ल्यूडी द्वारा बिछाई जा रही नई सड़क के निर्माण को लेकर खुदाई कार्य हुआ था। इस दौरान पेयजल पाइप लाइन तो सड़क में भूमिगत डाल दी गई लेकिन खुदाई के बाद सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया गया है। ऐसे में क्षेत्र के लोग परेशान हैं और उन्होंन पीडब्ल्यूडी,जलदाय विभाग एवं नगर पालिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। लोगों का आरोप है कि कोई भी विभाग अपनी जिम्मेदारी को लेकर ध्यान नहीं दे रहा और परेशानी आम नागरिक भुगत रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अनिल गोयल ने बताया कि स्थानीय प्रशासन नागरिकों की समस्याओं से बेखबर है। इसके चलते सभी विभाग लापरवाह बने हुए हैं। पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क को खोद दिया गया। जलदाय विभाग द्वारा 4 इंच की पेयजल पाइप लाइन भूमिगत डालकर गड्ढों को भरना तक मुनासिब नहीं समझा है। इसके चलते सड़क में जगह-जगह जलभराव हो रहा है। नगर पालिका की सफाईकर्मी भी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे। इसका खामियाजा आम नागरिक, छोटे बच्चे, बड़े बुजुर्ग भुगत रहे हैं। सड़क पर से निकलना मुश्किल हो गया है। यदि एक दिन में उक्त समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो यहां रास्ते को बंद कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। मामले को लेकर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष होतम सिंह जाटव ने बताया कि यहां रेलवे फाटक से लेकर छोटा किला होकर अजीजपुरा मोड़ तक नई सड़क बिछाई जानी है।

जिसको लेकर करीब 6 महीने से काम चल रहा है लेकिन काम की गति इतनी धीमी है कि अधिकारी उस पर ध्यान नहीं दे रहे। जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है। अब दो महीने से काम बंद है और सड़क खुदी पड़ी है। जिसको देखने वाला कोई नहीं है। विरोध प्रदर्शन के दौरान मोहम्मद शकील, करीना बेगम, आकाश सेठ, रामचरण, सुदामा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## तालाबशाही के पास बाइक स्लिप होने से दो मजदूर हुए घायल, एक को किया रेफर

### कहार गली में पानी भरने के दौरान मोटर से लगा महिला को करंट



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के हाईवे ग्यारह बी पर तालाबशाही मोड़ के पास बाइक स्लिप होने से पत्थर, टाइल्स का काम करने वाले दो मजदूर घायल हुए हैं। जिन्हें बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जहां से एक मजदूर को गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। वहीं दूसरी दुर्घटना शहर के शहर के कहार गली में हुई है। जहां पानी भरते समय एक महिला को पानी पंप करने वाली मोटर से करंट लगा है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तालाबशाही मोड पर बाइक स्लिप होने से घायल हुए सैपऊ थाना क्षेत्र के नूनहेरा गांव निवासी मजदूर नीरज ने बताया कि डांग क्षेत्र में बाबू महाराज मंदिर के पास किसी ग्रामीण के यहां बन रहे मकान में अपने साथी मजदूर महावीर के साथ टाइल्स लगाने का काम करने आया था।

जहां काम मे दौरान टाइल्स काटने वाली मोटर के खराब होने पर उसे सही कराने बाइक से बाड़ी बाजार में मिस्त्री पर जा रहे थे। इस दौरान तालाबशाही के पास मोड पर अचानक बाइक स्लिप हो गई। जिसमें दोनों मजदूर घायल हो गए। जिनको एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सको ने घायल मजदूर महावीर पुत्र हुकम सिंह जाटव को गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। वही दूसरे घायल नीरज का उपचार बाड़ी अस्पताल में जारी है। दूसरी घटना शहर के कहार गली में हुई है। जहां पर एक घर मे 27 वर्षीय महिला रजनी पत्नी रवि धोबी पानी भरते समय पानी की मोटर में करंट आने से अचेत हुई है। अचेत हुई महिला को परिजनों द्वारा बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है।

# ग्रामीण उत्थान शिविर से बदली चौमूं के सिंगोद खुर्द की तस्वीर

### अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री मुकेश मूंड ने लाभार्थियों को सौंपा आशियाने का मालिकाना हक

### स्वामित्व अधिकार और पक्के आवास से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** ग्रामीण उत्थान शिविर 2025 के अंतर्गत पंचायत समिति गोविन्दगढ़ (जयपुर) की ग्राम पंचायत सिंगोद खुर्द में आयोजित शिविर ने ग्रामीणों के जीवन में ठोस और सकारात्मक बदलाव की मिसाल पेश की है। शिविर के माध्यम से जहां एक ओर नागरिकों को वैधानिक अधिकार प्राप्त हुए, वहीं दूसरी ओर सुरक्षित आवास का सपना भी साकार हुआ। अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री मुकेश मूंड ने लाभार्थियों को आशियाने का मालिकाना हक सौंपा। शिविर के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा श्रीमती रतन कँवर, पत्नी श्री लक्ष्मण सिंह, को स्वामित्व कार्ड एवं पट्टा प्रदान किया गया, जिससे उन्हें उनके आवास का वैध मालिकाना अधिकार प्राप्त हुआ। श्रीमती रतन कँवर ने बताया कि पट्टा नहीं होने के कारण वे बैंक ऋण जैसी सुविधाओं से वंचित थीं। पट्टा प्राप्त होने से अब वे बैंक से ऋण लेकर अपने मकान की मरम्मत कर सकेंगी। इसी शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगोद खुर्द की श्रीमती ज्योति देवी रैगर, पत्नी श्री सांवर मल रैगर, एवं श्रीमती सजना देवी रैगर, पत्नी श्री मनोज कुमार रैगर, को आवास राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। दोनों लाभार्थियों ने बताया कि पूर्व में कच्चे मकानों में रहने के कारण विशेषकर वर्षा ऋतु में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जो अब पक्का आवास मिलने से समाप्त हो जाएंगी। लाभार्थियों ने पंचायत प्रशासन के साथ-साथ उपखंड एवं जिला स्तर के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण उत्थान शिविर जैसे आयोजन योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं।

## निहित जैन ने जीता कांस्य पदक




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** किड्स राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में भरतपुर के निहित जैन ने कांस्य पदक हासिल किया। टीम मैनेजर निकुंज गुप्ता ने बताया के 23 जनवरी को जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में इंडिया ताइक्कांडो के तत्वाधान में आयोजित किड्स राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में 4 साल से 9 साल तक के लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें भरतपुर से फाइटर्स जोन ताइक्कांडो एकेडमी के 6 वर्षीय निहित जैन पुत्र गौरव जैन ने राजस्थान टीम का 27 किग्रा में प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता। निहित नियमित रूप से कोच निखिल तोमर के सानिध्य में ट्रेनिंग ले रहे है। निहित जैन के पदक जीतने पर इंडिया ताइक्कांडो के अध्यक्ष नामदेव शिरगावकर व राजस्थान ताइक्कांडो के अध्यक्ष शहजाद खान ने पदक पहनाकर सम्मानित किया।

## आम आदमी पार्टी डीग जिले में सभी स्थानों पर पंचायत और निकाय चुनाव में उतारेगी प्रत्याशी- बनबारी लाल केन

### आम आदमी पार्टी द्वारा डीग में जिला स्तरीय महिला कार्यकर्ता सम्मेलन का किया गया आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**डीग( नि.स. )।** आम आदमी पार्टी का जिला महिला कार्यकर्ता सम्मेलन शनिवार को डीग में महिला विंग की जिला अध्यक्ष मुकीता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के जिला अध्यक्ष बनवारी लाल केन थे। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष बनवारी लाल केन ने सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी डीग जिले में डीग, कामा, कुम्हेर, नगर, पहाड़ी और सीकरी सहित सभी क्षेत्रों में पंचायत समितियों, जिला परिषद, नगर पालिका और नगर परिषद के चुनावों में प्रत्येक वार्ड से अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य केवल चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि जनता के बीच भरोसा कायम कर एक नई राजनीति की शुरुआत करना है।

उन्होंने पार्टी के आप आपरे साथ अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश प्रभारी धीरज टोकस के निर्देशन में यह अभियान गांव-गांव, मोहल्ला-मोहल्ला और शहरों की हर गली तक पहुंचाया जा रहा है, ताकि आम आदमी पार्टी की विचारधारा और विकास की कार्ययोजनाएं सीधे आमजन तक पहुंच सकें।

महिला विंग की जिला अध्यक्ष मुकीता ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना सशक्त लोकतंत्र की कल्पना अधूरी है। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाएं। सम्मेलन का संचालन पार्टी के मुख्य महासचिव भगवान सिंह ने किया।

सम्मेलन में सुरेन्द्र सिंह सिसोदिया, लाखन सिंह, प्रमोद कुमार, नीरज जैन एडवोकेट, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामबीर सिंह सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डेंगू-टाइफाइड नहीं, अब स्क्रब टाइफस का खतरा - डॉ. कप्तान सिंह

### मौत का रिस्क, बदलते मौसम के साथ मामले बढ़े

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** बदलते मौसम के साथ बुखार के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है, लेकिन इस बार एक नया पैटर्न सामने आया है। आमतौर पर इस मौसम में डेंगू और टाइफाइड के मरीज अधिक मिलते थे, लेकिन इस बार इनकी संख्या कम है, जबकि स्क्रब टाइफस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

उक्त जानकारी पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. कप्तान सिंह ने इस पत्रकार को दी। डॉ. सिंह ने बताया कि स्क्रब टाइफस के लक्षण डेंगू और टाइफाइड से मिलते-जुलते हैं, जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती है। हालांकि, जांच करने पर यह स्क्रब टाइफस निकलता है। यह बीमारी ओरिएंटिया त्सुत्सुगामुशी नामक बैक्टीरिया से संक्रमित पिस्सू (चिगर्सध्माइट्स) के काटने से फैलती है। जब यह पिस्सू किसी इंसान को काटता है, तो बैक्टीरिया मानव रक्त में प्रवेश कर संक्रमण फैलाता है, जिसके परिणामस्वरूप स्क्रब टाइफस बुखार होता है।

### स्क्रब टाइफस के मामलों में मृत्यु दर लगभग 6 प्रतिशत

शुरुआत में यह बीमारी मुख्य रूप से किसानों और बागवानों को प्रभावित करती थी, लेकिन अब यह सभी आयु वर्ग के लोगों में फैल रही है। स्क्रब टाइफस के मामलों में मृत्यु दर लगभग 6 प्रतिशत बताई जाती है। यह संक्रमण किसी भी व्यक्ति को हो सकता है। स्क्रब टाइफस के अधिकांश मामले चीन, भारत, जापान, उत्तरी ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण-पूर्वी एशिया में पाए जाते हैं। डॉ. कप्तान सिंह बताया कि अनुसार, स्क्रब टायफस के लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, ठंड लगना, लिम्फ नोड्स में सूजन, गर्दन, बाजुओं और कूल्हों में दर्द शामिल हैं। पिस्सु के काटने के लगभग 6 से 21 दिनों बाद ये लक्षण दिखाई देने लगते हैं। काटने वाली जगह पर अक्सर एक काला निशान (एस्कर) बन जाता है, और बुखार के कुछ दिनों बाद त्वचा पर दाने भी निकल सकते हैं। इस बीमारी का इलाज एंटीबायोटिक दवाओं से प्रभावी ढंग से किया जा सकता है।



### गंभीर हो सकती है देरी

डॉ. कप्तान सिंह ने बताया कि यदि बीमारी का डायग्नोसिस सही समय पर नहीं हो तो ये जानलेवा भी साबित हो सकती है। गंभीर लक्षण के रूप में मल्टीपल ऑर्गन डिसफंक्शन सिंड्रोम, निमोनियामेनिन्जाइटिस या मेनिन्गोएन्सेफ्लाइटिस (दिमागी सूजन) आदि गंभीर समस्याएं भी इस बीमारी में हो सकती है।

### स्क्रब टाइफस से बचाव के उपाय

डॉ. सिंह ने बताया कि स्क्रब टाइफस से बचने के लिए कुछ सावधानियां बरतना आवश्यक है। झाड़ियों और ऊंची घास वाले इलाकों में जाने से बचें। यदि ऐसे क्षेत्रों में जाना अपरिहार्य हो, तो पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। अपने घर और आसपास के क्षेत्र को साफ रखें और घास को बढ़ने से रोकें। कीट विकर्षक का नियमित रूप से उपयोग करें और खेतों में काम करने के बाद हमेशा अपने कपड़े बदलें।

### डॉक्टर की सलाह और गर्भावस्था में सावधानी

डॉ. कप्तान सिंह ने बताया कि स्क्रब टाइफस के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए और बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी दवा नहीं लेनी चाहिए। डॉक्टर की सलाह पर अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता भी हो सकती है। गर्भावस्था के दौरान स्क्रब टाइफस गर्भपात, समय से पहले जन्म या कम वजन वाले बच्चे के जन्म के जोखिम को बढ़ा सकता है, इसलिए इसके लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

## रामचरण जी महाराज की 306 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( राजकुमार गुप्ता )।** विजयवर्गीय वैश्य समाज राजगढ़ द्वारा अपने आराध्य देव श्री श्री 1008 श्री रामचरण जी महाराज की 306 वीं जयंती बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। विजयवर्गीय वैश्य समाज राजगढ़ के कोषाध्यक्ष अजय विजय ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 श्री रामचरण जी महाराज की जयंती में सभी समाज बंधुओ ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जयंती का मुख्य आकर्षण जितेंद्र सोनी एंड पार्टी द्वारा संगीत में सुंदरकांड और भजन संध्या रही जिसमें महिलाओं ने नृत्य करते हुए भजनों का आनंद लिया। भजन संध्या समाप्ति के बाद सभी समाज बंधुओ ने बड़ी आस्था से महाराज श्री की आरती की और उसके पश्चात भोजन प्रसादी के रूप में चूरमा दाल बाटी का आनंद लिया। महाराज श्री की 306वीं जयंती के इस अवसर पर वैश्य समाज राजगढ़ के विभिन्न घटकों और महिला मण्डलों के अध्यक्षों ने मय कार्यकारिणी भाग लिया इनके अलावा विजयवर्गीय समाज के वरिष्ठ नागरिकों खैराती लाल, श्याम सुंदर, शंभू दयाल, प्रहलाद नारायण, महेश पटेल, पवन, महेंद्र, राजेन्द्र, बाबूलाल, राजकुमार, आशीष, दिनेश, रमाकांत, संतोष,माया, सरोज, मीना , प्रीति, बीना, अनिता , सविता,मधु, रितु,चंद्रकला अनेक लोग मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय शूकर पालन का प्रशिक्षण हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ।** पशुपालक प्रशिक्षण केंद्र शूकर फार्म अलवर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आज समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें राजस्थान के 6 जिलों के पशुपालकों ने भाग लिया। शूकर फार्म के उप निदेशक डॉ. संजय कुमार ने शूकरपालन की उपयोगिता, महत्व व लाभ के संबंध में प्रशिक्षणार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में दौसा, झुंझुनूं, कोटपुतली-बहरोड, खैरथल-तिजारा, हनुमानगढ व अलवर जिले के पशुपालकों ने भाग लिया, जिन्हें शूकरपालन से जुडी उपयोगी जानकारी देकर इसे व्यवसाय की तरह अपनाकर व्यवसायी बनने का आह्वान किया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. जितेन्द्र यादव ने शूकर की नस्लों, आवास व रोगों के संबंध में जानकारी दी। सेवानिवृत संयुक्त निदेशक डॉ. महावीर सिंह चौहान, डॉ. आर.के सक्सेना, उप निदेशक बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय डॉ. सरजीत सिंह ने शूकर पालन संबंधी विषयों पर व्याख्यान दिया। इसके उपरान्त प्रतिभागियों को डॉ. महावीर सिंह चौहान द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## विशेष ग्राम उत्थान शिविर ग्रामीणों के कर रहे हैं सपने साकार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** राज्य सरकार द्वारा ग्राम-2026 (ग्लोबल राजस्थान एग्री-टेक मीट-2026) की तैयारियों एवं ग्रामीण उत्थान को गति देने के उद्देश्य से जिले के गिरदावर सर्किल पर आयोजित किए जा रहे विशेष ग्राम उत्थान शिविर ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान कर उनके सपनों को साकार करने का काम कर रहे हैं। इसी कडी में रामगढ उपखण्ड के गिरदावर सर्किल धनेता के अटल सेवा केंद्र में आयोजित विशेष ग्राम उत्थान शिविर में लघु एवं सीमांत किसान श्री मगरू को कृषि विभाग की स्वाइल हैल्थ कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, तारबंदी, फार्म पौण्ड सहित उद्यान विभाग की कल्याणकारी योजनाओं से मौके पर ही लाभांवित किया गया। किसान श्री मगरू अपने अनुभव साझा करते हुए बताते हैं कि उसके पास दो एकड कृषि भूमि है तथा वह पारम्परिक तरीके से गेहं व सरसों की खेती करता आया है। बेमौसम बारिश होने की वजह से कई बार फसल बर्बाद हो जाती है। खाद-बीज का पैसा जुटाने के लिए कर्ज भी लिया हुआ था। गांव में ग्राम उत्थान शिविर लगने की सूचना मिली तो पता चला की सरकार की योजनाओं का लाभ एक ही छत के नीचे मिल सकेगा।

### नाम तो बदलो पर,काम दो और मजदूरी बढ़ाओ-रावत

# मनरेगा की लड़ाई आखिरी दम तक लड़ी जाएगी-गुर्जर

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक और कोटपूतली बहरोड़ कांग्रेस जिलाध्यक्ष इन्द्राज गुर्जर ने शनिवार को ग्राम पंचायत नयाबास में मनरेगा मज़दूरों से सीधा संवाद किया। गुर्जर ने गरीब, मजदूरऔर किसान महिलाओं से सीधा संवाद कर जनजागरण का आगाज किया। जनजागरण अभियान के दौरान मज़दूर साथियों को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा नरेगा को कमजोर करने एवं नाम बदलकर समाप्त करने की साजिश के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित मजदूर और वृद्धवस्था सहित अन्य पेंशन भोगियों ने अपनी पीड़ा यह कह कर बताई कि उन्हें काफ़ी समय से पैनश का लाभ नहीं मिल रहा। हम दु:खी और परेशान हैं हमारे तो कोई बेटा-बेटी भी नहीं है जो हमारा खयाल रखें। पूर्व विधायक और कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राजसिंह गुर्जर ने उनकी भावनाओं और समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि यदि देश के शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की जनता के बारे में नहीं सोचा होता तो क्या भारत अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हो जाता। हम आपकी आवाज बनेंगे आप बन जाओ हमारे साथी।गुर्जर कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि गरीब, किसान, महिला एवं मज़दूर वर्ग के जीवन का सशक्त सहारा है और उन्हें आर्थिक लाभ पहुँचाने की एक गारंटी है। यहाँ तो भाजपा नीत सरकार ने रोजगार भी छीन लिया और गारंटी भी। वहीं राजस्थान सरकार में पूर्व केबिनेट मंत्री रही और राजस्थान की शेरनी के नाम से प्रसिद्ध शकुंतला रावत ने कहा कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा प्रहार है जो हम कभी बर्दास्त नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार केन्द्र की भाजपा सरकार गरीब, मजदूर और किसान के हित पर हथोड़ा मार रही है उन्हें चकनाचूर करने का प्रयास कर रही है उसे हम सब मिलकर नेस्तनाबूत कर देंगे।रावत के सम्मान में उपस्थित महिलाओं ने एक लोकगीत भी गाया जो उन्होंने ने ही तैयार किया गया था। इस अवसर पर बानसूर पंचायत समिति प्रधान सुमन यादव के प्रतिनिधि सुभाष यादव ने कहा कि कांग्रेस की सोच रीढ़ की हड्डी को मजबूत करना है तो भाजपा की सोच रीढ़ की हड्डी को तोडना है। फैसला आपका आपको क्या करवाना है। इस मौके पर राजस्थान सरकार में शेरनी कही जाने वाली पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत,प्रधान प्रतिनिधि सुभाष यादव,नयाबास सरपंच प्रतिनिधि पी.सी. रावत, नारायणपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र रैगर, सरपंच भोमाराम भड़ाना, कालूराम, बबेड़ी सरपंच बबेड़ी करणसिंह, बासदयाल सरपंच प्रतिनिधि रामसिंह बैसला, बाबरिया सरपंच प्रतिनिधि कुंवर महेश रावत, नारायणपुर नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष सैनी,मण्डल अध्यक्ष अध्यक्ष संतोष रैगर,पूर्व सरपंच शिम्भू सैनी, बानसूर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, रामस्वरूप मुक्कड़, कांग्रेस नेत्री और पूर्व विधायक महिपाल यादव की पुत्री अंजना यादव, कांग्रेस के युवा नेता और उभरते सितारे राजेश बागड़ी, राकेश चौधरी, योगेश सराधना, चांदराम रावत,रामकरण धाबाई (पूर्व पार्षद)बानसूर कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष भीमसिंह गुर्जर, मण्डल अध्यक्ष मुकेश सैनी नेता, युवा कांग्रेस नेता रणवीर डोई, हवासिंह सराधना,जिलासचिव मनोज चौधरी, रणजीत कसाना, यादराम गुर्जर, पूर्व नगर पालिका पार्षद डॉ नरेश सैन,भूपसिंह सुरेला सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ढाई साल के मासूम के लिए देवदूत बने सामाजिक कार्यकर्ता मोहन कुमावत

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** रक्तदान महादान के संकल्प को चरितार्थ करते हुए कांकरोली निवासी ढाई वर्षीय मासूम धैर्य पुरोहित पुत्र जतिन पुरोहित को आकस्मिक रूप से ओ नेगेटिव रक्त की आवश्यकता होने पर समय रहते मिली मदद ने एक परिवार की मुस्कान बचा ली। दुर्लभ ब्लड ग्रुप होने के कारण परिवार काफी चिंतित था, जब बालक के पिता ने रक्त की आवश्यकता के लिए जीवनदाता ग्रुप के सदस्य छोगालाल गमेती से संपर्क किया, तो उन्होंने बिना समय गंवाए कांकरोली निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मोहन कुमावत मेवाड़ से मदद की अपील की। मासूम के लिए मोहन कुमावत तुरंत आरके हॉस्पिटल राजसमंद पहुंचे और अपना ओ नेगेटिव् रक्तदान कर बालक के उपचार में सहयोग किया। मोहन कुमावत द्वारा किए गए इस निस्वार्थ कार्य की चिकित्साकर्मियों और परिजनों ने प्रशंसा की।

## राष्ट्रीय स्कूली रग्बी प्रतियोगिता मे राजस्थान की धमाकेदार शुरुआत

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** नदिल्ली मे स्कूल गेम्स फेडरेसन ऑफ इंडिया के तत्वाधान मे आयोजित हो रही 19 वर्ष राष्ट्रीय स्कूली छात्र -छात्रा रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता मे राजस्थान टीम ने अपने शुरूआती मैच जीतते हुए धमाकेदार शुरुआत की है। यह जानकारी देते हुए रग्बी संघ के कुलदीप सिंह राजावत व नितिन तिवारी ने बताया की कोच मंजितसिंह राठौड़ के मार्गदर्शन मे राजस्थान टीम ने पहले मैच मे आंध्रप्रदेश को 54-0से व दूसरे मैच मे तमिलनाडु को 41-0से व तेलंगाना को 19-5 से हरा कर अपनी शानदार शुरुआत की है। रा उ मा वी कुंवाथल के प्रधानाचार्य विद्या शंकर नगराची व जितेंद्र सिंह ने बताया की राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे खेल रही राजस्थान टीम मे कुंवाथल विद्यालय का उदय सिंह भी टीम का प्रतिनिधित्व कर रहा है। ज्ञात रहे राजस्थान टीम दुलचासर (डूंगरगढ़ )बीकानेर मे 7दिनों के प्रशिक्षण के उपरांत राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे भाग लेने पहुंची है जिसके परिणामस्वरूप टीम ने अपने शुरुआती मुकाबले एकतरफा अंदाज मे जीते है।टीम के इस प्रदर्शन पर कुंवाथल विद्यालय मे हर्ष का माहौल है तथा सभी टीम के प्रतियोगिता मे विजेता होने की कामना कर रहे है। राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, उपाध्यक्ष गोविन्द पारीख, रविंद्र सिंह, तंवर सिंह, पूर्व अंतराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाडी चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी, पूर्व आल इंडिया बॉक्सिंग चैंपियन अजय सोनी, पंकज कोठारी, जिला बास्केटबॉल संघ के डॉ ललित दाधीच, दीन दयाल त्रिवेदी, हेम सिंह, मनोज त्रिवेदी, मधुसूदन जोशी, राजसमंद रग्बी फुटबॉल संघ के जय सिंह चुण्डावत, मनोज भारद्वाज, अजय नरानिया, अनिल जिनगर, राजेंद्र सुथार, कुलदीप जोशी, अभिषेक मनिहार, मीठा लाल, अभिषेक जोशी, विनीत वेद, कुंवाथल विद्यालय के वासुदेव, प्यार चंद रेगर, राकेश शर्मा, देवेंद्र बांगड़, रघुवीर सिंह पंवार, पुरषोत्तम नरानिया, झबरमल गढ़वाल, अनूप कुमार, मधु खोखावत, सुमन,विक्रम सिंह, नितिन टेलर, मदन सिंह व लक्ष्मी गुर्जर ने हर्ष व्यक्त करते हुए टीम कोजीत की बधाई आगामी मैच के लिए शुभकामनायें दी।

## मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना के तहत सरसों टेस्टिंग लैब का हुआ उद्घाटन, कृषक को सौंपा 2 लाख का चेक



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** बानसूर के कृषि उपज मंडी में मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना के तहत चैक वितरण व सरसों टैस्टिंग लैब उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक देवीसिंह शेखावत रहे।इस दौरान विधायक का माला साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि देवायुष ने की।इस दौरान विधायक ने लैब का फीता काट कर उद्घाटन किया तथा कृषक मदनलाल को 2 लाख रुपए का चैक वितरित किया गया। इसके पश्चात विधायक देवीसिंह शेखावत ने ग्रामीणों ने समस्याएं सुनी और निकारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं है तथा बानसूर नगरपालिका क्षेत्र में भी विकास की कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। तथा आगामी बजट में बानसूर में सरकारी नर्सिंग कॉलेज खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक देवीसिंह शेखावत ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य समस्याओं को लेकर विकास कार्य किए गए हैं जिससे कि आमजन को कोई परेशानी ना हो सके।इस अवसर पर नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी विशाल यादव, कृषि उपज मंडी सचिव संदीप मीणा, व्यापार मंडल अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल,सब्जी मंडी अध्यक्ष राजकुमार सैनी, थानाधिकारी रजनी चौधरी, बानसूर थाना सब इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह शेखावत,मंडल अध्यक्ष राकेश सिंघल, संदीप अग्रवाल, रामानंद दीक्षित,जिला मंत्री हेमलता सिसोदिया, हरिसिंह सैनी युवा नेता, लक्ष्मण सैनी, राजेश सिंघल, संकेत लाटा, संदीप चौधरी,प्रकाश गुर्जर, राकेश सैन,मयंक मिश्रा,दीपक शास्त्री, मंजू शर्मा,नीलम जैन,नीतू सोनी सहित कृषक मौजूद रहे ।

## वीबी-जी राम जी के जिला स्तरीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

## वीबी-जी राम जी देश के विकास की नींव-जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़( राजकुमार गुप्ता )।** भारतीय जनता पार्टी, अलवर (दक्षिण) जिले वीबी-जी राम जी जिला स्तरीय सम्मलेन का आयोजन कस्बे के कारोठ रोड़ पर स्थित एक निजी गार्डन में किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ मे अतिथियों द्वारा महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने अपने सम्बोधन मे योजना की जानकारी देते हुए बताया की 2005 से आज तक ग्रामीण भारत की ज़रूरतें बदल चुकी है सामाजिक सुरक्षा, कनेक्टिविटी, डिजिटल पहुंच एवं रोजगार के अवसरों के लिए एक समन्वित व एकीकृत योजना की आवश्यकता है। वीबी-जी राम जी इसी को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आम गरीब, मजदूर व किसान की आर्थिक उन्नति होंगी। इसके माध्यम से सभी वर्गों का उत्थान होगा पहले जहां नरेगा के अंतर्गत 100 दिन का रोजगार मिलता था वहीं अब 125 दिन के रोजगार की गारंटी इस कानून में दी गई है। अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हामिद खान ने योजना पर प्रकाश ड़ालते हुए सबका साथ-सबका विकास -सबका विश्वास को आदर्श पर आधारित है।

पूर्व विधायक जय राम जाटव ने अपने सम्बोधन मे गांव-गरीब का विकास करने वाली योजना बताया । कॉंग्रेस काल का जिक्र करते हुए योजनाओं मे अंतर बताया। डेयरी अध्यक्ष नितिन सांगवान ने अपने सम्बोधन मे सरस डेयरी, अरावली सरक्षण, सीटीएच सहित अनेको विषयो पर कांग्रेस शासन मे हुए व्याप्त भ्रष्टाचार पर तीखा प्रहार किया।

## पांच दिवसीय अधिवास सर्वेक्षण कैम्प का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़( अलवर )।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के भूगोल विभाग के एम.ए. फाइनल के विद्यार्थियों द्वारा विभागाध्यक्ष डॉ जगफूल मीना और डॉ चित्रा मीना के नेतृत्व मे चल रहे पांच दिवसीय अधिवास सर्वेक्षण कैम्प का शनिवार का समापन हुआ। कैम्प का शुभारंभ सोमवार 27 जनवरी को हुआ था।

इस दौरान विद्यार्थियों ने गांव कांदोली में समूह बनाकर सर्वेक्षण कार्य किया। कैम्प के पांचवें दिन शनिवार को विद्यार्थियों को डैंपिंग लेवल सर्वेक्षण करवाया गया है जिसमें कांदोली गांव की मुख्य सड़क का समतलीकरण करना सीखाया गया। विद्यार्थियों को बताया कि सड़क को समतल बनाने के लिए किस जगह कितनी मिट्टी डालनी है और कौनसी जगह सड़क ऊंची उठी हुई है। इस कैम्प में एम. ए. फाइनल के सभी विद्यार्थी तथा भूगोल विभाग के लैब बॉय रामेश्वर मीना आदि उपस्थित रहे।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धड़कन और किसान की आशा का सहारा है पशुपालन विभाग :कलक्टर

## कलक्टर के निरीक्षण से जगी पशु चिकित्सालय के नए भवन की उम्मीद : प्रमुख शासन सचिव से मौके पर ही किया संवाद,

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिले में पशुपालकों को बेहतर और सुदृढ़ पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने शनिवार को किशोर नगर स्थित बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि वर्ष 2024 में इस चिकित्सालय के नवीन भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन हो चुका है, किंतु बजट के अभाव में अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है।इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला कलक्टर ने निरीक्षण स्थल से ही पशुपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव से दूरभाष पर बातचीत कर पूरे प्रकरण की जानकारी दी। प्रमुख शासन सचिव ने भी अग्रिम कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया। कलक्टर की पहल के बाद पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने विश्वास जताया है कि जल्द ही भवन का निर्माण शुरू होगा।

## शहीद नेतराम मीना की प्रथम पुण्यतिथि पर मूर्ति का अनावरण रक्तदान शिविर व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान





**राजगढ़( अलवर )।** उपखंड के समीपवर्ती दुब्बी गांव में शुक्रवार को शहीद नेतराम मीना की प्रथम पुण्यतिथि पर मुर्ति अनावरण तथा रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शहीद के भाई चेतराम मीना व सर्व समाज हेल्प टीम समिति राजगढ़ के संयोजक प्रकाश भाबला ने बताया कि शहीद नेतराम मीना सीआरपीएफ में कार्यरत थे। जिनका 30 जनवरी 2025 को एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर जगमोहन मीना रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक कांति प्रसाद मीना, क्षेत्रीय सरपंच मुन्नी विनोद मीना उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि विधायक कांति प्रसाद मीना ने दुब्बी गांव के तीनों शहीदों को नमन करते हुए कहा कि दुब्बी से तीन शहीद हुए हैं। जो कि क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने शहीद नेतराम मीना को भी अन्य शहीदों के समान पूर्ण सम्मान देने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जगमोहन मीना ने दुब्बी गांव की मिट्टी को शहीदों की धरती बताते हुए कहा कि डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने संदेश दिया है कि शहीदों के सम्मान में कोई कमी नहीं आयेगी। इस दौरान रक्तदान शिविर आयोजित हुआ जिसमें 65 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम में लोक गायक रामू मास्टर, हरिसिंह धौलान, विक्रम मैजोड और कैलाश भाबला के धार्मिक व देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित हजारों लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की।

## अलवर में नंदी की कमर में कुल्हाड़ी घोंपी, एक घंटे तक दर्द से कराहता रहा, डॉक्टर बोले- देर होती तो जान जा सकती थी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर में किसी व्यक्ति ने नंदी (सांड) की कमर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी नंदी की कमर में फंसी गई। नंदी दर्द से कराह उठा और एक जगह पर खड़ा हो गया। आस-पास के लोगों ने राजगढ़ थाना पुलिस और भौरंगी धाम गोशाला की टीम को सूचना दी। पुलिस और गोशाला टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद घायल नंदी को रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के दौरान नंदी दर्द और डर से इधर-उधर भागता रहा। करीब एक घंटे बाद रैणी वेटरनरी हॉस्पिटल से डॉक्टर्स की टीम ने कुल्हाड़ी को बाहर निकाला। यह घटना पिनान स्थित मानसिंह वाला कुएं के पास शनिवार सुबह हुई। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# पीएम मोदी के पंजाब दौरे से पहले ब्लास्ट की धमकी

## मेल में लिखा- निशाने पर डेरा बल्लां, 4 स्कूलों में धमाका; आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदलेगा

बढ़ता राजस्थान

**जालंधर ( एजेंसी )।** पीएम नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे से एक दिन पहले (31 जनवरी को) जालंधर के 4 स्कूलों में बम ब्लास्ट की धमकी मिली है। सूचना मिलते ही थाना-7 अर्बन एस्टेट पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां एक्टिव हो गईं और सर्च ऑपरेशन चलाया।

पुलिस ने कहा कि पहले कैंब्रिज स्कूल को धमकी मिली थी। अब 3 और स्कूल- पठानकोट चौक के पास स्थित केएमवी संस्कृति स्कूल, ब्रिटिश ओलिवा स्कूल और सीजेएस पब्लिक स्कूल को धमकी भरा ईमेल भेजा गया। हालांकि जांच के इस दौरान कुछ नहीं मिला है। आज गुरु रविदास महाराज की जयंती पर शोभायात्रा के चलते जालंधर के स्कूलों की छुट्टी है।

कैंब्रिज स्कूल को भेजे गए ईमेल में लिखा गया है कि मोदी के दौरे को लेकर बम ब्लास्ट होगा। मेल को 'बिल्ली हाल' के नाम से भेजा गया। अंदर लिखा- आज 3-4 स्कूलों में बम धमाका होगा। हम गुरु रविदास जी की फुल रिस्पेक्ट करते हैं। लेकिन मोदी खालिस्तान वालों का दुश्मन है।

खालिस्तानियों का बाबा निरंजन दास के साथ कोई गिला-शिकवा नहीं है। मसला मोदी का है। निज्जर की मौत का जिम्मेदार कौन है...बदला...बदला...बदला। निशाने पर डेरा बल्लां।

उधर, पीएम मोदी 1 फरवरी को पौने 4 बजे जालंधर पहुंचेंगे और 2 बड़ी सौगात देंगे। इसमें आदमपुर एयरपोर्ट का नामकरण श्री गुरु रविदास जी एयरपोर्ट करेंगे।

# क्रैश हुई चांदी, 1.10 लाख गिरकर 2.91 लाख पर आई

## सोना 20 हजार रुपए सस्ता, 1.49 लाख रुपए पर आया; वजह मुनाफा वसूली

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** गोल्ड और सिल्वर मार्केट 30 जनवरी को क्रैश हो गया। प्रॉफिट बुकिंग के कारण मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी 1.10 लाख रुपए (27%) गिर गई। अब 1 किलो चांदी 2.91 लाख रुपए में मिल रही है। एक दिन पहले यानी 29 जनवरी को चांदी 4.01 लाख रुपए प्रति किलो में मिल रही थी। एमसीएक्स पर सोने में भी 20 हजार रुपए (12%) की गिरावट रही। 10 ग्राम सोना 1.49 लाख रुपए पर आ गया। 29 जनवरी को सोना 1.69 लाख रुपए पर था।

### सोने-चांदी में गिरावट की 2 वजह

**प्रॉफिट बुकिंग:** सोने-चांदी की कीमत हाल के दिनों में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जिसके बाद निवेशकों ने बड़े पैमाने पर प्रॉफिट बुक किया।

**फिजिकल डिमांड में कमी:** ऑल टाइम हाई के बाद फिजिकल डिमांड कमजोर हुई, साथ ही औद्योगिक उपयोग को लेकर चिंताएं भी बढ़ीं।

# 5 हजार में पाकिस्तान भेज रहा था सेना की खुफिया-जानकारी

## जैसलमेर का युवक 19 महीने से कर रहा था जासूसी, मोबाइल में मिली चैट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जैसलमेर से पकड़े पाकिस्तानी जासूस ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। मोबाइल में आईएसआई हैंडलर्स से चैट-सबूत मिले है। पिछले डेढ़ साल से गुप्त सूचनाएं भेजने पर टास्क के अकोडिंग उसे 5-10 हजार रुपए का पेमेंट किया जाता था। इंटेलिजेंस टीम की पूछताछ में कई अहम खुलासे होने की संभावना है। राजस्थान इंटेलिजेंस ने शनिवार दोपहर पाकिस्तानी जासूस को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने जासूस को 5 दिन का रिमांड पर सौंप दिया। आरोपी सोशल मीडिया के जरिए पाक आईएसआई से कॉन्टैक्ट में था।

**30 जनवरी को किया गया था अरेस्ट**-एडीजी (इंटेलिजेंस) प्रफुल्ल कुमार ने बताया- पोकरण के सांकड़ा निवासी झबराराम (28) को जैसलमेर से 30 जनवरी को अरेस्ट किया गया था। वह पाकिस्तान के लिए जासूसी करता था। जांच में सामने आया था कि वह सोशल मीडिया के जरिए लगातार पाक जासूसी एजेंसी के हैंडलर्स के कॉन्टैक्ट में बना हुआ था। इंटेलिजेंस टीम की ओर से शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे पाक जासूस झबराराम को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी पाकिस्तान जासूस झबराराम को 5 दिन की रिमांड पर भेजा गया।

# शरद पवार बोले-अजित चाहते थे कि दोनों एनसीपी एक हों

## सब कुछ तय था, 12 फरवरी को ऐलान होना था; बारामती में घर पर बैठक हुई

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एनसीपी के दोनों गुटों के विलय पर शरद पवार ने शनिवार को कहा, 'यह अजित पवार की भी इच्छा थी। इसे जरूर पूरा होना चाहिए।' शरद ने कहा कि अजित, शशिकांत शिंदे और जयंत पाटिल ने दोनों गुटों के विलय के बारे में बातचीत शुरू की थी। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी को विलय का ऐलान होना था लेकिन दुर्भाग्य से, अजित उससे पहले हमें छोड़कर चले गए। सूत्रों के मुताबिक अजित ने 17 जनवरी को बारामती में शरद पवार से मुलाकात की थी।

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि विलय पर चर्चा हुई थी। इस मीटिंग का वीडियो भी सामने आया है। इस मुलाकात के 11 दिन बाद अजित की प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी। उधर शरद पवार के बारामती घर पर शनिवार सुबह पवार परिवार की बैठक हुई। इस बैठक में सुप्रिया सुले, रोहित पवार, युगेन्द्र पवार और शरद पवार शामिल हैं। इसके अलावा शरद गुट के नेता भी बैठक में शामिल होने पहुंचे हैं।

### शरद पवार की 3 बड़ी बातें...परिवार में कोई समस्या नहीं

अजित के निधन के बाद राजनीतिक हलचल तेज होने पर शरद ने कहा- ये सारी चर्चाएं यहां बारामती में नहीं हो रही हैं, ये मुंबई में हो रही हैं। प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और दूसरे सीनियर नेता ये चर्चाएं कर रहे हैं। जो कुछ भी दिख रहा है, ऐसा लगता है कि ये फैसले उन्हीं ने लिए हैं। मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा।

डिप्टी सीएम पद के लिए सुनेत्रा पवार का नाम दिए जाने की मुझे कोई जानकारी नहीं है। उनकी पार्टी ने फैसला किया होगा। मैंने आज अखबार में देखा। प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे जैसे कुछ नाम हैं जिन्होंने कुछ फैसले लेने की पहल की है। अगर परिवार में कोई समस्या होती है, तो परिवार एकजुट रहता है। परिवार में कोई समस्या नहीं है।

अजित पवार एक काबिल और समर्पित नेता थे जिन्होंने सच में लोगों के लिए काम किया। वह लोगों की समस्याओं को अच्छी तरह समझते थे और हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए काम करते थे कि लोगों को न्याय मिले।

# निवाई में सीएम बोले पंजा ने ही देश को गंजा किया

## युवाओं से कहा-हम नौकरी भी देंगे और नौकरी देना भी सिखाएंगे

बढ़ता राजस्थान




**निवाई।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा-सरकार भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में माफ नहीं करेगी। अब तक पेपर लीक मामलों में 425 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। हम नौकरी भी देंगे और नौकरी देना भी सिखाएंगे। साथ ही सीएम ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि इस पंजे ने ही देश को गंजा किया है। सीएम भजनलाल शर्मा शनिवार दोपहर 2 बजे निवाई पहुंचे। जहां उन्होंने ग्राम उत्थान शिविर में हिस्सा लिया।

### कांग्रेस पर कसा तंज

इस दौरान मंच पर लोगों को संबोधित करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने लोगों ने हाथ उठाकर अभिवादन करने को कहा। इस पर जब लोगों ने हाथ खोलकर उपर उठाए तो उन्होंने कहा कि 'ये पंजा मत दिखाइए। इसी पंजे ने देश को गंजा किया है।'

### एसआईआर को लेकर कांग्रेस से पूछा सवाल

एसआईआर को लेकर सीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने पूछा-क्या आप देश में घुसपैठियों को रहने देना चाहते हो? भाजपा सरकार ऐसा नहीं होने देगी, घुसपैठियों को बाहर निकालने का काम किया जा रहा है।

### पेपर लीक पर बोले-सरकार भ्रष्टाचार को माफ नहीं करेगी

पेपर लीक के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा-सरकार भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में माफ नहीं करेगी। अब तक पेपर लीक मामलों में 425 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। पिछली सरकारों में युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हुआ, लेकिन भाजपा सरकार में दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो रही है।

### सीएम बोले-नौकरी भी देंगे और नौकरी देना सिखाएंगे

रोजगार को लेकर सीएम ने कहा-एक साल में एक लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। एक लाख भर्तियां पाइपलाइन में हैं। एक लाख भर्तियों का कैलेंडर जारी किया जा चुका है। हम नौकरी भी देंगे और नौकरी देना भी सिखाएंगे। साथ ही राजस्थान में 8 लाख करोड़ रुपए के एमओयू हो चुके हैं। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नई युवा नीति लाई गई है, जिससे युवा नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनेंगे।

### निवाई में किए विकास कार्य गिनाए

मुख्यमंत्री ने कहा-निवाई क्षेत्र में उनकी सरकार ने 1100 करोड़ रुपए के विकास कार्य किए हैं। सरकार संकल्प पत्र के एक-एक वादे को पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री ने टोंक जिले में 370 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। नरेगा को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार 125 दिन का रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। निवाई में सीएम 50 मिनट तक रुके। दोपहर 2 बजे सीएम हैलीपेड पहुंचे। जहां स्थानीय नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद 2 बजकर 50 मिनट पर सभा से जयपुर के लिए निकल गए।

# पंजाब के एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा

## पीएम मोदी करेंगे अहम उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** संत गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पंजाब का दौरा करेंगे। इस दौरान वे दोपहर करीब 3:45 बजे आदमपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां एयरपोर्ट का नया नाम 'श्री गुरु रविदास जी एयरपोर्ट, आदमपुर' अनावरण करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री लुधियाना स्थित हलवारा एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन भी करेंगे।

### संत गुरु रविदास जी को सम्मान

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि संत गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के पावन अवसर पर आदमपुर एयरपोर्ट का नामकरण उस महान संत और समाज सुधारक के प्रति सम्मान का प्रतीक है, जिनकी समानता, करुणा और मानवीय गरिमा की शिक्षाएं आज भी भारत के सामाजिक मूल्यों को प्रेरित करती हैं।

### पंजाब को मिलेगा नया एविएशन गेटवे

पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हलवारा एयरपोर्ट पर जिस नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया जाएगा, वह पंजाब के लिए एक नया एविएशन गेटवे साबित होगा। इससे लुधियाना और आसपास के औद्योगिक तथा कृषि क्षेत्रों की कनेक्टिविटी जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि हलवारा लुधियाना जिले में स्थित एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण भारतीय वायुसेना स्टेशन भी है।

### बड़े विमानों के लिए बेहतर सुविधा

लुधियाना के पुराने एयरपोर्ट पर रनवे छोटा होने के कारण केवल छोटे विमानों का संचालन संभव था। कनेक्टिविटी में सुधार और बड़े विमानों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए हलवारा में एक नया सिविल एन्क्लेव विकसित किया गया है। यहां बना लंबा रनवे ए320 जैसे विमानों के संचालन में सक्षम है।

### हरित और ऊर्जा-कुशल टर्मिनल

बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री के सतत और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार विकास के विजन के अनुरूप इस टर्मिनल भवन में कई हरित और ऊर्जा-कुशल सुविधाएं शामिल की गई हैं। इनमें एलईडी लाइटिंग, इंसुलेटेड छत, रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम, सीवेज और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा लैंडस्केपिंग के लिए रिसाइकल वाटर का उपयोग शामिल है।

### पंजाब की सांस्कृतिक झलक

टर्मिनल का आर्किटेक्चरल डिजाइन पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रतिबिंबित करता है, जिससे यात्रियों को एक विशिष्ट और क्षेत्रीय पहचान से जुड़ा यात्रा अनुभव मिलेगा।

# जयपुर में बारिश, अजमेर में ओले गिरे

## 1 फरवरी को 13 जिलों में बरसात का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के कई जिलों में शनिवार शाम को मौसम बदल गया। जयपुर में बारिश हुई। अजमेर में बारिश के साथ ओले भी गिरे। मौसम विभाग ने 1 फरवरी को 13 जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, भरतपुर, अलवर में ऑरेंज अलर्ट, जबकि सीकर, झुंझुनूं, जयपुर, टोंक, बूंदी, कोटा, बारां और झालावाड़ में येलो अलर्ट जारी किया है।

**बदलेगा मौसम**-मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- आज से एक पश्चिमी विक्षोभ राजस्थान पर एक्टिव होगा। इस सिस्टम का असर पूर्वी और दक्षिणी राजस्थान के जिलों में 1 फरवरी तक देखने को मिलेगा। इस दौरान उदयपुर, कोटा, जयपुर, भरतपुर और अजमेर संभाग के एरिया में बादल छाएंगे और कहीं-कहीं हवा चलने के साथ बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। इसको देखते हुए कुछ जिलों के लिए ऑरेंज और कुछ जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

**जयपुर के दूदू में 30 मिनट तक हुई बरसात**-जयपुर ग्रामीण के दूदू सहित आसपास के क्षेत्र में शनिवार शाम 7 बजे मौसम का मिजाज बदल गया। काले बादल छाने के बाद बारिश का दौर शुरू हो गया।

# 2026 में बंगाल में तृणमूल की विदाई तय : शाह

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में आयोजित एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में अब तृणमूल कांग्रेस की विदाई तय है और वर्ष 2026 राज्य की राजनीति में बड़ा बदलाव लेकर आएगा।

### बंगाल में सरकार बनाना देश की सुरक्षा के लिए जरूरी: शाह

अमित शाह ने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनाना केवल राज्य के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश की सुरक्षा के लिए जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में बढ़ती घुसपैठ अब सिर्फ बंगाल का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन चुकी है। गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार ने जानबूझकर सीमा सुरक्षा को कमजोर किया। उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार बॉर्डर फेंसिंग के लिए जमीन मांगती रही, तब राज्य सरकार ने सहयोग नहीं किया। इसके चलते सीमा पर फेंसिंग का काम अधूरा रह गया।

### घुसपैठियों को फर्जी दस्तावेज देकर देशभर में भेजने का आरोप

अमित शाह ने कहा कि राज्य प्रशासन और पुलिस घुसपैठ रोकने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों को न पटवारी रोकते हैं और न पुलिस, बल्कि फर्जी दस्तावेज बनवाकर उन्हें पूरे देश में भेज दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जब यह मुद्दा संसद में उठाया गया, तो तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इसका विरोध किया। गृह मंत्री ने कहा कि उन्हें खुशी है कि अब कलकत्ता हाई कोर्ट ने भी यह माना है कि ममता बनर्जी सरकार बॉर्डर फेंसिंग के लिए जमीन देने में सहयोग नहीं कर रही थी। उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट ने बीएसएफ को तय समयसीमा के भीतर जमीन देने का आदेश दिया है।

# उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने किया 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )** गोहाना की प्रसिद्ध जलेबी की मिठास के बीच फरीदाबाद के सूरजकुंड में 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव की शुरुआत हो गई। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को 'लोकल से ग्लोबल- आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित इस महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विरासत एवं पर्यटन मंत्री अरविंद कुमार शर्मा भी मौजूद रहे।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के सूरजकुंड पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उपराष्ट्रपति ने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया। इस मौके पर सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला आधारित एक मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथियों को गोहाना की जलेबी खिलाकर स्वागत किया गया।

### लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों से सजा उद्घाटन समारोह

महोत्सव के उद्घाटन के बाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध लोक कलाकारों और सांस्कृतिक समूहों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। यह शिल्प मेला 15 फरवरी तक चलेगा। आयोजन हरियाणा पर्यटन निगम के साथ केंद्रीय पर्यटन, वस्त्र, संस्कृति और विदेश मंत्रालयों के सहयोग से किया जा रहा है।

### सीएम नायब सैनी बोले- कला और शिल्प का महाकुंभ है सूरजकुंड मेला

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सूरजकुंड मेला कला और शिल्प का ऐसा महाकुंभ है, जिसकी पहचान न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में है। उन्होंने कहा कि यह मेला हमारी प्राचीन विरासत और आधुनिकता का अनूठा संगम है।

# पाकिस्तानी पीएम बोले : कर्ज मांगने में अब शर्म आती है

## दूसरे देशों के सामने हमारा सिर झुका रहता है, उनकी शर्तें मानना हमारी मजबूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने विदेशी कर्ज पर देश की बढ़ती निर्भरता को लेकर नाराजगी जताई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, शहबाज ने शुक्रवार को माना कि देश की बदहाल आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें बार-बार विदेशी दौरों पर जाकर कर्ज मांगना पड़ा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री राजधानी इस्लामाबाद में कारोबारी नेताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और मैं दुनियाभर में पैसे मांगने जाते हैं तो हमें शर्म आती है।' शहबाज ने कहा- कर्ज लेना हमारे आत्मसम्मान पर बहुत बड़ा बोझ है। कई बार हमें कॉम्प्रोमाइज करना पड़ता है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार